• जयपुर, रविवार 12 अप्रैल 26 • वर्ष 15 • अंक 168 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 डेयरी सदर रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में अजमेर डेयरी ने रचा इतिहास...

पेज @4 राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद का अधिवेशन आज...

पेज @8 ब्यावर बना प्रदेश में अग्रणी, 5 मॉडल ग्राम पंचायतों में हैंड्स-ऑन सत्र...

### अमेरिका-ईरान शांति वार्ता से पहले ट्रंप की चेतावनी

## कहा-डील फेल हुई तो सबसे खतरनाक हथियार से हमला होगा



**वॉशिंगटन/एजेंसी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांति वार्ता से ठीक पहले ईरान को बड़ी धमकी दी है. कहा कि बातचीत फेल हुई तो सबसे खतरनाक हथियार हथियार से हमला करेंगे. वेस्ट एशिया में युद्ध का पूरा हल निकालने की डिप्लोमैटिक कोशिशों के बीच ट्रंप ने शुक्रवार (लोकल टाइम) को यह चेतावनी दी.

न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक फोन इंटरव्यू में ट्रंप ने इशारा किया कि बातचीत की सफलता के बारे में साफ जानकारी अगले 24 घंटों में सामने आ जाएगी. हमें लगभग 24 घंटों में पता चल जाएगा. हमें जल्द ही पता चल जाएगा, ट्रंप ने फोन इंटरव्यू के दौरान कहा जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बातचीत सफल होगी.

सेना की तैयारियों पर जोर देते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने पहले ही अपने संसाधन इका करना और इलाके में अपनी स्ट्रेटेजिक पोजिशनिंग को बढ़ाना शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, हम एक रीसेट कर रहे हैं. हम जहाजों में सबसे अच्छा एम्युनिशन, अब तक के सबसे अच्छे हथियार लोड कर रहे हैं जो हमने पहले किए थे उससे भी बेहतर, और हमने उन्हें भेज दिया.

मिलिट्री बिल्ड-अप के स्केल पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, लेकिन हम जहाजों में लोड कर रहे हैं. हम जहाजों में अब तक के सबसे अच्छे हथियार लोड कर रहे हैं, यहाँ तक कि उससे भी ज़्यादा लेवल पर जितना हम पूरी तरह से खत्म करने के लिए करते थे.

ट्रंप ने आगे चेतावनी दी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो वॉशिंगटन बड़ी सैन्य कार्रवाई करेगा. उन्होंने आगे कहा, और अगर हमारी कोई डील नहीं होती है, तो हम उनका इस्तेमाल करेंगे और हम उनका बहुत असरदार तरीके से इस्तेमाल करेंगे.

तेहरान की स्थिति पर चिंता जताते हुए, ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा, आप ऐसे लोगों के खिलाफ काम कर रहे हैं जिनके बारे में हमें नहीं पता कि वे सच बोल रहे हैं या नहीं. उन्होंने आगे कहा, हमारे सामने, वे सभी न्यूक्लियर हथियार खत्म कर रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया है और फिर वे प्रेस के पास जाकर कहते हैं, नहीं, हम एनरिच करना चाहेंगे. तो हम पता लगा लेंगे.

इस बीच, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शुक्रवार को ईरान के साथ बातचीत में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के लिए रवाना हुए, उन्होंने बातचीत को लेकर उम्मीद जताई, साथ ही तेहरान की तरफ से किसी भी तरह की ईमानदारी की कमी के खिलाफ चेतावनी दी. जाने से पहले संवाददाताओं से बात करते हुए, वेंस ने कहा कि अमेरिका कंस्ट्रक्टिव एंगेजमेंट के लिए तैयार है, बशर्ते ईरान बातचीत अच्छी नीयत से करे. उन्होंने कहा, हम बातचीत का इंतजार कर रहे हैं. मुझे लगता है कि यह पॉज़िटिव होगी. जैसा कि अमेरिका के प्रेसिडेंट ने कहा, अगर ईरानी अच्छी नीयत से बातचीत करने को तैयार हैं, तो हम निश्चित रूप से खुले हाथ बढ़ाने को तैयार हैं. हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान बातचीत के दौरान बुरी नीयत से काम करने की कोशिश करता है तो वॉशिंगटन अच्छा जवाब नहीं देगा. वेंस ने आगे कहा, अगर वे हमारे साथ खेलने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें पता चलेगा कि बातचीत करने वाली टीम उतनी रिसेप्टिव नहीं है. वेंस इस वीकेंड बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने वाले अमेरिकी

**न्यूज़ अपडेट**

### संसद में प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच बातचीत, हाथ जोड़ हाल-चाल पूछा



**नईदिल्ली/एजेंसी।** 5 राज्यों में चुनावी घमासान के बीच कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, लेकिन संसद के गलियारे से बेहद खास तस्वीर सामने आई है। संसद में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अचानक आमने-सामने आ गए। इस दौरान राहुल ने हाथ जोड×कर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री ने भी हाथ जोड×कर उनके अभिवादन को स्वीकार किया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच देर तक बातचीत होती रही। दरअसल, प्रधानमंत्री महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने प्रेरणा स्थल जा रहे थे। इस दौरान वे कार से उतरे तो वहां राहुल भी खड़े हुए थे। उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व राज्यसभा उपसभापति हरिवंश सहित कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राहुल से कुछ देर रुककर बातचीत की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के करीब खड़े होकर गंभीरता से बातचीत की।

### पीएम ने कहा- बंगाल में बीजेपी सरकार सीएए को लागू करने में तेजी लाएगी

## 4 मई को बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी: पीएम मोदी

**मुर्शिदाबाद/एजेंसी।**




पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्द्धमान, मुर्शिदाबाद व दक्षिण दिनाजपुर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभाओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस बार मेरी चुनावी रैलियों में आम लोगों की भीड़ और जन उत्साह का ऐसा नजारा पहले कभी मेरे गृह राज्य गुजरात में भी नहीं देखा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, गुजरात में भी, मैं चाहकर भी दोपहर 12 बजे इस तरह की रैली आयोजित नहीं कर सकता था। आप लोग यहां हर बार शानदार सभाएं आयोजित करते हैं। मैं प्रभावित हूं। यहां से यह स्पष्ट है कि 4 मई के बाद इस राज्य में बदलाव आने वाला है। इस तरह की उत्साहपूर्ण सभाएं 4 मई को होने वाले घटनाक्रम का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो नई सरकार एक श्वेत पत्र जारी करेगी जिसमें राज्य में तृणमूल कांग्रेस के पिछले 15 वर्षों के शासनकाल के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलों का विस्तृत विवरण होगा।

पीएम मोदी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस पहले से ही घबराई हुई है। इसीलिए वे प्रचार कर रहे हैं कि भाजपा के सत्ता में आने पर राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। मैं गारंटी देता हूं कि एक भी कल्याणकारी योजना बंद नहीं की जाएगी। केवल तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के भ्रष्टाचार और लूट के अड्डे बंद किए जाएंगे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने यह भी घोषणा की कि यदि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो नए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित पहला मंत्रिमंडल राज्य में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की अनुमति देने वाला प्रस्ताव पारित करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, यहां तृणमूल कांग्रेस सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को लागू न होने देकर लंबे समय तक राज्य के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा लेकिन भाजपा सरकार के आने से इस सुविधा का भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि नई भाजपा सरकार न केवल घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी बल्कि उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी जिन्होंने उनके लिए फर्जी पहचान पत्र बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल में बसने में मदद की थी। विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे और परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। वहीं दिनाजपुर के कुशमंडी में प्रधानमंत्री मोदी ने 13 दिसंबर को युवा भारती क्रीड़ांगन में हुई अफरा-तफरी पर निशाना साधा। यह आरोप लगाते हुए कि तृणमूल राज में बंगाल में सिंडिकेट राज विकास का असल मॉडल बन गया है, प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं और मंत्रियों ने फुटबॉल के खेल को भी इस सिंडिकेट कल्चर का विषय बना दिया है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उस दिन युवा भारती में हुई शर्मनाक घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा था। उनके हिसाब से, यह तृणमूल के जंगल राज का एक और साफ उदाहरण है।

### भाजपा सत्ता में आई तो सिंडिकेट चलाने वालों को उल्टा लटका देंगे: अमित शाह

**बांकुड़ा/ खड़गपुर/ कोलकाता/ एजेंसी।**



बंगाल में सियासी संग्राम जम गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा व खड×गपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल में अवैध रूप से रहने वालों को अगर कोई हटा सकता है, तो वह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही है। अमित शाह ने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने के बाद सभी अवैध लोगों की पहचान कर उन्हें बाहर किया जाएगा। शाह ने कहा कि भाजपा को सत्ता में लाओ, हम सिंडिकेट चलाने वालों को उल्टा लटका देंगे। केंद्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी की तुलना हीरक की रानी से करते हुए कहा कि इस रानी को 23 तारीख को हटाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल से ओडिशा और झारखंड में आलू की सप्लाई बंद कर दी गई है। अगर भाजपा सत्ता में आई, तो यह सप्लाई फिर से शुरू होगी। ममता बनर्जी के इस फैसले के कारण 20 रुपए का आलू 2 रुपए में बिक रहा है। अमित शाह ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा बंगाल के विकास के लिए भेजे गए फंड को टीएमसी के सिंडिकेट ने हड़प लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आने पर टीएमसी को हर एक पैसे का हिसाब देना होगा। आदिवासी समुदाय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में संथाल समाज को कभी सम्मान नहीं मिला, लेकिन भाजपा सरकार में इसी समुदाय की एक महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया गया।

## भारत फ्रांस से खरीदेगा 114 नए राफेल, लेकिन सरकार की इस शर्त से उड़ जाएंगे दुश्मनों के होश

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय वायुसेना की ताकत में जल्द ही एक बड़ा इजाफा होने जा रहा है। भारत फ्रांस से 114 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की महा-योजना पर तेजी से काम कर रहा है। लेकिन इस बार यह डील सामान्य नहीं होगी। भारत ने इस 3.25 लाख करोड़ रुपये के रक्षा सौदे में एक ऐसी कड़ी शर्त जोड़ दी है, जिसने दुश्मनों की नींद उड़ा दी है। सरकार ने साफ कर दिया है कि इन नए राफेल विमानों में भारत में बनी स्वदेशी मिसाइलों और घातक हथियार प्रणालियों को पूरी तरह से एकीकृत (इंटीग्रेट) करना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'खरीदो और बनाओ' मॉडल के तहत होने वाली इस डील में इंटरफेस कंट्रोल डॉक्यूमेंट को पक्का किया जाएगा, ताकि देसी हथियारों के इस्तेमाल में कोई तकनीकी रुकावट न आए।



### 18 राफेल फ्रांस से आएंगे, 96 फाइटर जेट्स देश में ही बनेंगे

रक्षा मंत्रालय की तरफ से अगले महीने फ्रांसीसी जेट निर्माता कंपनी डसॉल्ट को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद इस अनुबंध पर अंतिम बातचीत शुरू हो जाएगी। आपको बता दें कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने बीते 12 फरवरी को ही इस मेगा डील को अपनी हरी झंडी दे दी थी। डीएसी द्वारा मंजूर किए गए प्रस्ताव के मुताबिक, 18 फाइटर जेट फ्रांस से सीधे उड़ान भरने की स्थिति (फ्लाई-अवे कंडीशन) में भारत को सौंपे जाएंगे। वहीं, बाकी बचे 96 राफेल विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा, जिनमें 25 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी कलपुर्जों और सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

### ● क्या 'सोर्स कोड' को लेकर खटाई में पड़ गई है यह डील?

बीते दिनों ऐसी खबरें सामने आई थीं कि डसॉल्ट ने भारत को लड़ाकू विमान का सीक्रेट 'सोर्स कोड' देने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके कारण इस डील में बड़ी रुकावट आ गई है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने इन तमाम अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कोई भी देश इस तरह का मालिकाना सॉफ्टवेयर कोड (जो रडार और हथियारों को कंट्रोल करता है) किसी तीसरे देश को नहीं देता है। यह कोड कंपनी की अपनी बौद्धिक संपदा होता है। यहां तक कि भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार रूस भी अपने विमानों का सोर्स कोड साझा नहीं करता है। ऐसे में यह साफ है कि डील बिना किसी रुकावट के अपने सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

## दिल्ली में नई ईवी पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी : 2028 से सिर्फ इलेक्ट्रिक दोपहिया, 2027 से ई-ऑटो ही होंगे रजिस्टर

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2026-2030 का ड्राफ्ट जारी किया है। चार साल की यह नीति इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को तेजी से बढ़ावा देने, हवा की गुणवत्ता सुधारने और साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह पॉलिसी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 से प्रेरित है, जो स्वच्छ हवा और प्रदूषण मुक्त वातावरण को जीवन के अधिकार का हिस्सा मानती है। साथ ही, एमसी मेहता बनाम भारत संघ के फैसले और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 व मोटर वाहन अधिनियम, 1988 जैसे कानूनों का भी इसमें आधार लिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में सर्दियों के दौरान 23 प्रतिशत प्रदूषण के लिए वाहन जिम्मेदार हैं। खास बात यह है कि दोपहिया वाहन कुल वाहनों का करीब 67 प्रतिशत हैं, इसलिए इन्हें तेजी से इलेक्ट्रिक में बदलना बेहद जरूरी माना गया है। इसके अलावा तीन पहिया, कमर्शियल कार, और छोटे मालवाहक वाहन (एन1) भी ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं। इस नीति के मुख्य उद्देश्य सभी वाहन वर्गों में ईवी अपनाने को बढ़ावा देना, चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करना, बैटरी रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित करना और पेट्रोल-डीजल वाहनों पर निर्भरता कम करना हैं। सरकार ईवी खरीदने पर सीधे बैंक खाते में सब्सिडी (डीबीटी) देगी। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले साल 10,000 रुपए प्रति किलोवाट (अधिकतम 30,000 रुपए), दूसरे साल 6,600 रुपए (अधिकतम 20,000 रुपए) और तीसरे साल 3,300 रुपए (अधिकतम 10,000 रुपए) की सब्सिडी मिलेगी। ई-ऑटो (तीन पहिया) के लिए पहले साल 50,000 रुपए, दूसरे साल 40,000 रुपए और तीसरे साल 30,000 रुपए की मदद दी जाएगी। वहीं छोटे इलेक्ट्रिक ट्रक (एन1) पर पहले साल 1 लाख रुपए, दूसरे साल 75,000 रुपए और तीसरे साल 50,000 रुपए तक का लाभ मिलेगा।

# महात्मा ज्योतिराव फुलेः भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है।

महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है। साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं। उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंर्त्य मिळत नाही यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड×कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

## समाज कल्याण की जिम्मेदारी

बाईबैक ऐसा चलन है, जिससे कंपनियां बाजार में बिना अपना प्रदर्शन सुधारे अपने मूल्य में बढ़ोतरी कर लेती हैं। ऐसा वे शेयरधारकों से अपनी ही कंपनी के शेयरों को खरीद कर करती हैं। इससे कंपनी के शेयरों के भाव बढ़ जाते हैं। कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक– 2026 को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर बनी सहमति स्वागतयोग्य है। आशा है, समिति बिल में मौजूद कुछ समस्याओं को दूर करने में सफल रहेगी। ऐसी ही एक समस्या शेयर बाईबैक का प्रावधान है। नए बिल के तहत कुछ श्रेणी की कंपनियां साल में दो बार बाईबैक कर सकेंगी। फिलहाल, उन्हें एक बार ऐसा करने की इजाजत मिलती है। बाईबैक ऐसा चलन है, जिससे कंपनियां बाजार में बिना अपना प्रदर्शन सुधारे अपने मूल्य में बढ़ोतरी कर लेती हैं। ऐसा वे शेयरधारकों से अपनी ही कंपनी के शेयरों को खरीद कर करती हैं। इससे शेयरों के भाव बढ़ जाते हैं। नतीजतन कंपनी की सकल कीमत बढ़ जाती है। फिर शेयरों के बढ़ते भाव को देख कर बहुत से नए निवेशक संबंधित कंपनी के शेयरों में पैसा लगाते हैं। कुल मिलाकर यह एक तरह का स्टॉक हेरफेर है, जिससे कंपनियां अपना मूल्य बढ़ाती हैं। अर्थव्यवस्था के अधिक से अधिक होते गए वित्तीयकरण के साथ ऐसे चलन बढ़ते चले गए हैं। अब आम समझ बनी है कि वास्तविक अर्थव्यवस्था के हित में ऐसी प्रवृत्तियों को नियंत्रित करने की जरूरत है। मगर भारत सरकार अपने देश की कंपनियों के लिए बाईबैक के अवसर दोगुना करने जा रही है। संसदीय समिति को इस पर अवश्य गंभीरता से विचार करना चाहिए। सरकार ने कंपनी ऐक्ट 2013 और एलएलपी ऐक्ट 2008 में संशोधन के लिए जो नया बिल पेश किया है, उसमें एक प्रावधान कंपनियों पर से कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) का बोझ घटाने से संबंधित है। उसके तहत 10 करोड़ रुपये सालाना मुनाफा कमाने वाली कंपनी पर ही सीएसआर का प्रावधान लागू होगा। फिलहाल 1000 करोड़ रुपये टर्नओवर या कुल मूल्य 500 करोड़ रुपये अथवा पांच करोड़ रुपये सालाना मुनाफा वाली कंपनी को मुनाफे का दो फीसदी सीएसआर पर खर्च करना होता है। सीएसआर आरंभ से विवादास्पद प्रावधान रहा है। इसलिए उचित होता कि सरकार इस कॉन्सेप्ट पर ही पुनर्विचार करती। संसदीय समिति को सोचना चाहिए कि क्या यह उचित नहीं होगा कि समाज कल्याण की जिम्मेदारी कंपनी पर डालने के बजाय निर्वाचित सरकार वो रकम टैक्स के रूप में लेकर जन कल्याण करे?

# ईरान युद्ध के बाद नई दिशा में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कूटनीतिक बनाने पड़ सकती,,!

**अजय दीक्षित**



ईरान युद्ध जिस तरह लड़ा गया और सीजफायर हुआ इससे मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में कूटनीतिक रूप से व्यापक प्रभाव पडने् वाली है और भारत की कूटनीतिक मुश्किल दरवाजे पर खड़ी है। विशेषकर तब जब अमेरिका ईरान युद्ध की मध्यस्थता भारत धुर विरोधी देश पाकिस्तान ,तुर्की, मिश्र जैसे देश कर रहे हैं।

भारत अब तक मध्य पूर्व में इजरायल को अगुआ बना कर अपनी प्राथमिकता तय करता था।इस युद्ध के बाद ईरान के मुस्लिम देशों का नेता बनने का माहौल बन रहा है जिससे गैर मुस्लिम देश भारत और इजरायल को नई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।हो सकता है कि इसराइल इस युद्ध के सीजफायर को माने ही नहीं क्योंकि वह लेबनान पर हमला जारी रखेगा। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका की ओर से इसराइल पर यह बाध्यता नहीं होगी कि वह हिज्बुल्लाह, हमास हुती पर हमला न करें। और अगर हमले जारी रहेंगे तो ईरान अब खुले तौर पर इसराइल से युद्ध करेगा । चाइना और रूस अब उसका साथ खुले तौर पर देंगे। अमेरिका तो युद्ध से एग्जिट हो गया क्योंकि उसे यही करना था ।जेडी वेंस, तुलसी गैबार्ड, रक्षा मंत्री, रोबियो,सब ने दबाब बनाया कि इसराइल ने इस युद्ध में अमेरिका को उलझा दिया। सीनेट, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में भी यही मनसा थी ।बढ़ी चतुराई से अमेरिका सम्मानजनक तरीके से एग्जिट हुआ । इसमें पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीर खान, और प्रधानमंत्री मंत्री शहवाज शरीफ ने मौजतफा खामनाई को समझा दिया कि अभी सीजफायर कर लो ।

इजरायल इस सीजफायर के खिलाफ था।अब होगा यह कि मुस्लिम देशों, पाकिस्तान, तुर्की, मिश्र, ईरान, इराक, कतर, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई कुवैत, इसराइल पर दबाव बनाएंगे कि पालिस्टिन,गाजा,की कब्जाई गई जमीन वापिस करे अन्यथा कारवाही के लिए तैयार रहे । इसराइल अब बहुत बड़े संकट में इसलिए फंस गया है कि उसके चारों ओर मुस्लिम देश है।

हिज्बुल्लाह, हमास, हुती सक्रिय हो सकते हैं और उन्हें बेहिसाब मदद ईरान और मुस्लिम देश करेंगे। इसराइल का गॉडफादर अमेरिका अब कतई मदद नहीं करेगा। आगे चल कर इसराइल का अस्तित्व समाप्त करने की कोशिश करेंगे मुस्लिम देश।

भारत के लिए संकट यह है कि लश्कर ए तोयबा, सक्रिय हो कर पाकिस्तान की शह पर कश्मीर में उग्रवादी गतिविधियों को बड़ा सकते हैं। स्व अयातुल्ला खुमानी ने कश्मीरी लोगों के लिए हमदर्दी जताई थी ईरान की नई लीडरशिप भी यही बात आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष एक ओर खाड़ी देशों और ईरान से आने वाला तेल है जो अर्थ व्यवस्था के लिए जरूरी है दूसरी ओर कश्मीर जो बीजेपी के लिए नाक का प्रश्न है।

हो सकता है कि ओ आई सी कश्मीर के संबंध कोई प्रस्ताव पारित करे और पाकिस्तान, तुर्की, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर उठाए। हालांकि भारत अकेला भी पड़ जाय तब भी कोई देश कुछ नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि भारत परमाणु सकती भी है और संपन्न देश भी है। भारत के पक्ष में एक तथ्य यह भी है कि भारत के पाकिस्तान को छोड×कर सभी मुस्लिम देशों से संबंध ठीक है । जिसमें ईरान से संबंध बहुत ही बेहतर है क्योंकि ईरान मुस्लिम देशों अकेला गैर सुन्नी मुस्लिम देश है।यहां पर शिया मुस्लिम रहते हैं। शिया मौलवी सैयद अलिफ जैदी कहते हैं कि ईरान भारत का पंडित जवाहरलाल नेहरू के जमाने से फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी तक मित्र राष्ट्र रहा है क्योंकि भारत ने हमेशा पालिस्टिन,का यासिर अराफात के जमाने से समर्थन किया।

## आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खेल कूद से जुड़े लोगों को आज किसी बहुत बड़े टूर्नामेंट में भाग लेने का सुअवसर मिलेगा। आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं।

### वृष राशि :

आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्त्रोत मिलेंगे। ऑफ़िस में आपको सबका सहयोग मिलेगा। आज आप सोशल वर्क कर सकतें हैं। आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से बहुत फायदा होगा। आज आपके विरोधी भी आपकी उदारता से बहुत प्रभावित होंगे। घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज काम करने से पहले घर के बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। अपने रुचि के अनुसार सब्जेक्ट का चुनाव करने और अपनी अध्ययन की योजना में बदलाव करने की सोचेंगे। बिजनेस मे प्रतिद्वंदीयों से सावधान रहें। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग जरूर करना चाहिए।

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ बेहतर अवसर मिलने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुडने् के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि डील करते समय आपको बहुत सोच-समझकर ही आगे बढना् चाहिए। घर वालों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ा बहुत मनमुटाव हो सकता है।

### सिंह राशि :

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। वालों छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

### कन्या राशि :

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं । संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।

### तुला राशिः

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की सख्त जरूरत है। ईष्ट मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। हालांकि जीवनसाथी के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है, उन्हें खुश करने के लिये उपहार देना उचित रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा बन सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजय प्राप्त होगी।

### वृश्चिक राशिः

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। आज अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा होगी। आज आप छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे और आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे।

### धनु राशिः

आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अचानक नए स्त्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। अपने लक्ष्य को पूरा करने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। जो लोग मार्केटिंग की फील्ड से जुडे हैं, उन्हें आज अच्छे क्लांइट मिलने की संभावना है। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलेगा। लवमेटस कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे।

### मकर राशि :

आज आपका दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहने वाला रहेगा। ऑफिस में बॉस आपको कुछ नया काम दे सकते है , जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा । किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं।

### कुंभ राशिः

आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको बहुत आवश्यकता थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में आज तेजी से वृद्धि होगी।

### मीन राशिः

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज अपनी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ बढिया् तालमेल रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है। जो लोग नौकरीपेशा हैं, उनको थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। काम को लेकर सीनियर आपसे नाराज हो सकते हैं । वो आपसे ऐसी बात कह सकते हैं, जो आपको बुरी लग जाये ।

## शब्द सामर्थ्य -005

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू- दोकू क्र.005

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 004का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# डेयरी सदर रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में अजमेर डेयरी ने रचा इतिहास

## 10 रुपये प्रति फैट देकर भारत का रिकॉर्ड तोड़ा

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर सरस डेयरी ने एक बार फिर देशभर में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए दुग्ध खरीद मूल्य को 10 रुपये प्रति फैट तक पहुंचाकर अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया है। डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में लिया गया यह ऐतिहासिक निर्णय पशुपालकों के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है।

अजमेर सरस डेयरी हमेशा पशुपालकों एवं उपभोक्ताओं के हितों के प्रति जागरूक रही है। डेयरी द्वारा 1 अप्रैल प्रातः से दूध का खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति फैट कर दिया गया है, जो प्रदेश एवं देश में सर्वाधिक है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा अजमेर डेयरी के संचालक मंडल के अनुरोध पर 25 पैसे प्रति फैट की वृद्धि को स्वीकृति दी गई थी। इससे पहले दर 9.75 रुपये प्रति फैट थी, जो अब बढ़कर सीधे 10 रुपये प्रति फैट हो गई है। इस वृद्धि से पशुपालकों को लगभग 2 करोड़ रुपये प्रतिमाह का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

वर्तमान में अजमेर डेयरी द्वारा 5 लाख लीटर प्रतिदिन दूध का संकलन किया जा रहा है, जिसे



आने वाले दिनों में 6 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने की उम्मीद है। ज्ञात रहे कि 10 रुपये प्रति फैट की यह दर सरस डेयरी की आमसभा एवं संचालक मंडल के निर्णय अनुसार वर्ष 2026-27 के दौरान निरंतर लागू रहेगी।

अजमेर डेयरी द्वारा गत फरवरी एवं मार्च माह में प्रतिमाह लगभग 700 मीट्रिक टन घी एवं अन्य उत्पादों का विपणन किया गया है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

दूध उत्पादकों के हितों का पूरा ध्यान रखते हुए आगामी सहकारी वर्ष में दूध के विपणन मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। गुणवत्ता के पैमाने पर इसके उत्पाद अमूल एवं मदर डेयरी से भी उच्च स्तर के हैं। अतः उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे सरस ब्रांड को अपने दैनिक उपयोग में प्राथमिकता दें।

अजमेर जिले के दूध उत्पादकों के सहयोग, समर्थन एवं जागरूकता के कारण अजमेर सरस डेयरी ने वर्ष 2024-25 में लगभग 10 करोड़ रुपये तथा 2025-26 में लगभग 14 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। इस वर्ष 15 करोड़ रुपये के करीब लाभ अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भविष्य की योजनाओं के तहत अजमेर डेयरी का लक्ष्य है कि आगामी 5 वर्षों में पशुपालकों को 100 रुपये प्रति लीटर तक का क्रय मूल्य दिलाया जाए, जिससे प्रधानमंत्री के आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

अंत में, डेयरी प्रबंधन ने भारत एवं राज्य सरकार से मांग की है कि वर्तमान में पशुओं के लिए हरे चारे के बीज की विकट समस्या को देखते हुए रियायती दर पर बीज उपलब्ध करवाए जाएं एवं निर्यात पर पाबंदी लगाई जाए। साथ ही री७ रङ्ग१३ीं रीह्न को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाए, जिससे पशु नस्ल सुधार एवं दूध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योतिबा फुले जयंती पर माल्यार्पण, महान समाज सुधारक को किया नमन



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर आज सतपुलिया रोड स्थित प्रतिमा स्थल पर जिला प्रशासन की ओर से माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।विधायक शंकर सिंह रावत ने अपने संबोधन में महात्मा फुले के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने महात्मा ज्योतिबा फुले के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 200 वर्ष पूर्व समाज को नई दिशा प्रदान की। उस समय शिक्षा के अभाव के बीच उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई और वंचित वर्गों, विशेषकर महिलाओं एवं पिछड़े वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया।कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाल लाल, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय गहलोत, सामाजिक न्याय अधिकारिता विशाल सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

### रोटरी गरिमा का शानदार प्रदर्शन – गवर्नर विज़िट में सेवा, नेतृत्व और उत्कृष्टता की झलक



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा का गवर्नर ऑफिशियल विज़िट होटल रेडिसन में गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया, जो एक प्रेरणादायक अवसर रहा। एक विशेष प्रेजेंटेशन एवं ऑडियो-विजुअल के माध्यम से क्लब के सेवा कार्यों, मजबूत फेलोशिप तथा डिस्ट्रिक्ट असेंबली और डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में सक्रिय सहभागिता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। वर्ष भर में किए गए 80 से अधिक सेवा प्रोजेक्ट्स की उल्लेखनीय उपलब्धियों को भी साझा किया गया।

अध्यक्ष कावेरी बजाज एवं सचिव पिंकी के नेतृत्व में क्लब ने गर्वपूर्वक वर्ष के सभी संकल्पों को पूर्ण करने की जानकारी दी।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन डॉ. निशा शेखावत ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए इसे ''प्रेरणादायक, नवोन्मेषी और उत्कृष्ट'' बताया तथा नए मानदंड स्थापित करने के लिए टीम को बधाई दी।

कार्यक्रम का समापन आत्मीय फेलोशिप के साथ हुआ, जिसमें सभी सदस्यों में गर्व, उत्साह और एकता का भाव दिखाई दिया।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवड़ी में शिक्षकों की भारी कमी

**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी/जालोर।** जालौर जिले के बागोड़ा उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेवड़ी में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय में नियम अनुसार 21 शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वर्तमान में केवल 8 शिक्षक ही कार्यरत हैं। यानी कुल 13 पद खाली पड़े हैं, जिससे पढ़ाई व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब स्कूल में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी और उनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही शिक्षकों की कमी पूरी नहीं की गई तो रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विद्यार्थियों के साथ मौखिक शिकायतें भी दर्ज करवाई गईं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### गंभीर बीमारियों में होम्योपैथी से इलाज संभव




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ होम्योपैथी फिजिशियंस द्वारा गोपालपुरा बायपास स्थित होटल मिस्टिक फॉल्स में डॉ सैमुअल हैनिमेन की 271 वी जयंती मनाई गई।

आयोजन सचिव डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में गंभीर बीमारियों पर चर्चा हुई जिसमें डॉ अशोक लादुना, डॉ विमल सोनी, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ अमित खंडेलवाल, डॉ तारा प्रकाश यादव, डॉ एल सी शर्मा सहित कई अन्य विशेषज्ञों ने अपने पेपर प्रेजेंट किए।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक डॉ गोपाल शर्मा रहे।उन्होंने होम्योपैथी के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर होम्यो यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ के सी भिंडा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीप हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अनिल गुप्ता,डॉ सुनीता गुप्ता,डॉ ममता शर्मा, डॉ रवि बड़गुजर,डॉ सिमेंद्र,डॉ अंकिता माथुर,डॉ सायमा अली,डॉ मो अमान,डॉ अंजू कोठारी,योग गुरु ढाकाराम,वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत,ओमाश्रय सेवा धाम के प्रभारी यशपाल यश, पूर्व पार्षद राम अवतार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस गोष्ठी में डॉ अशोक कुमार लादूना ने कहा कि हम फेल हो सकते हैं लेकिन होम्योपैथी कभी फेल नहीं होती,उन्होंने फाटक रिपेर्टरी का जिक्र करते हुए अपने कई जीर्ण रोगों के उपचार के बारे में जानकारी दी और कहा कि हम बीमारियों को जड़ से खत्म कर सकते हैं। अंत में महासचिव डॉ अजय यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाड़ी में विकास कार्यों को मिली गति, विधायक नौक्षम चौधरी ने किया नई बोलेरो वाहन का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** पहाड़ी पंचायत समिति सभागार में विधायक कोटे से स्वीकृत नई बोलेरो गाड़ी का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक नौक्षम चौधरी ने विधिवत रूप से रिबन काटकर वाहन का उद्घाटन किया तथा विकास अधिकारी विजय जैन को वाहन की चाबी सौंपी।

विधायक नौक्षम चौधरी ने कहा कि इस नए वाहन के उपलब्ध होने से पंचायत समिति के कार्यों में तेजी आएगी और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी और सुचारू रूप से हो सकेगी।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना ही प्राथमिक लक्ष्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस कदम की सराहना की और इसे ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने विधायक नौक्षम चौधरी की इस पहल को विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

## गंगापुर सिटी में सैनी समाज द्वारा निकाली गई महात्मा ज्योतिबा,फुले भव्य शोभायात्रा

- **सभापति, शिवरतन अग्रवाल ने किया पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत**



**चमकता राजस्थान/(साबिर मोहम्मद)/गंगापुर सिटी।** समाज सुधारक, महान चिंतक एवं शिक्षाविद् महात्मा ज्योतिबा गोविन्द राव फुले जी की जयंती के पावन अवसर पर सैनी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल द्वारा सभापति शिवरतन अग्रवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

शोभायात्रा के दौरान पूरे मार्ग में उत्साह, श्रद्धा एवं सामाजिक समरसता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि महात्मा फुले जी ने समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए जो अमूल्य योगदान दिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के पिछड़े एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। ऐसे महान महापुरुष की जयंती पर आयोजित इस भव्य शोभायात्रा में सहभागी होना अपने आप में गर्व और सौभाग्य का विषय है।

कार्यक्रम में सभापति श्री शिवरतन अग्रवाल, शहर मण्डल अध्यक्ष श्री मिथलेश व्यास, मण्डल महामंत्री श्री कमलेश महावर, गोविन्द रफ़, गौरव मंगल, चिरंजी लोधा, लक्ष्मण सैनी, शिवदयाल जोशी, वेदप्रकाश शर्मा, मुकेश राजलवाड, विक्की सैनी, विकास सैनी सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी, त्वरित समाधान के दिए आवश्यक दिशा -निर्देश



**चमकता राजस्थान/धौलपुर/रामदास तरुण।** आज सर्किट हाउस, धौलपुर में धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। इस दौरान आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम हैं और इन्हें प्राथमिकता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिला दुर्गा दत्त शास्त्री, अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, जिला संगठन महामंत्री धनेश जैन, प्रदेश सचिव अमित मृदंगल, ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष होतम सिंह जाटव, पंचायत समिति सदस्य केशव चंद्र मीणा, अनिल अरेला, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा, भारत लाल मीणा, रामकेश मीणा सरपंच प्रतिनिधि, सहित अनेक कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देश के इतिहास में पहली बार एवट की जांच; मुंबई हाईकोर्ट का बड़ा आदेश



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** राज्य में बारामती और राहुरी उपचुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं, इसी बीच देश के चुनावी इतिहास में पहली बार ईवीएम (EVM) की जांच के आदेश दिए गए हैं। मुंबई उच्च न्यायालय ने चांदिवली विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुई ईवीएम की जांच करने की अनुमति दी है। यह मामला तब सामने आया जब कांग्रेस के पराजित उम्मीदवार नसीम खान ने चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। चांदिवली विधानसभा क्षेत्र में 2024 के चुनाव में दिलीप लांडे (एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना) ने नसीम खान को हराया था। यह सीट पहले नसीम खान का मजबूत गढ़ मानी जाती थी, लेकिन इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने प्रस्तुत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को ईवीएम की जांच और छानबीन की अनुमति प्रदान की। यह देश में अपनी तरह का पहला मामला माना जा रहा है। ईवीएम की तकनीकी जांच के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है। यह जांच 16 और 17 अप्रैल को मुंबई में की जाएगी। इस संबंध में मुंबई उपनगर के उप निर्वाचन निर्णय अधिकारी द्वारा नसीम खान को आधिकारिक पत्र भी भेजा गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसेन द्वारा दिया गया है। इस फैसले के बाद अब सभी की नजरें ईवीएम जांच की प्रक्रिया और उसके परिणामों पर टिकी हुई हैं।

## मतदाता सूची में नाम की जांच करना हर नागरिक की जिम्मेदारी: अभिषेक टिंकू अरोड़ा

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्षद अभिषेक 'टिंकू' अरोड़ा ने नगरवासियों से जागरूक रहने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) में अपना, अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों के नाम की गहनता से जांच कर लें। पार्षद अरोड़ा ने इस कार्य को एक महत्वपूर्ण नागरिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का वोट लिस्ट में होना अनिवार्य है। उन्होंने जनता से इसे प्राथमिकता के आधार पर करने का निवेदन किया है ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## सेमारी सीबीईओ माया बजाड को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सलूम्बर का चार्ज मिला

चमकता राजस्थान

**सेमारी।** सलूम्बर जिले के सेमारी सीबीईओ माया बजाड को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सलूम्बर का चार्ज मिलने पर पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा,शिक्षा समिति अध्यक्ष पूर्व बीईईओ दोलतसिंह कलासुआ , सेवानिवृत्त डीईईओ कालूलाल अहारी वाक पीठ अध्यक्ष जवानसिंह परमार, व्याख्याता लक्ष्मणलाल सालवी व्याख्याता हरीश कलासुआ, राकेश कलासूआ शिक्षक नेता भगवती लाल कलासुआ,



ईश्वर परमार प्रधानाध्यापक गोविन्द मीणा, प्रधानाध्यापक ललित कलासुआ, अमृतलाल अहारी,करण कलासुआ, हीरालाल मीणा आदि ने मेवाड़ी साफ़ बंधाकर स्वागत किया। इससे पूर्व शुक्रवार को मध्यरात्रि चार्ज लेकर अपने सीबीईओ कार्यालय में पहुंचे माया बजाड का आतिशबाजी कर शिक्षको ने भव्य स्वागत किया कार्यभार संभालने के अवसर पर जिले के शैक्षिक और सामाजिक हलकों में हर्ष की लहर दौड़ गई पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने किया सम्मान इस विशेष उपलब्धि पर पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने माया बजाड़ को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी स्वागत समारोह के दौरान पूर्व सांसद ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पगड़ी पहनाकर उनके गौरव को बढ़ाया पुष्पहार माला पहनाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीदें

पदभार ग्रहण करने के बाद माया बजाड़ को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा उपस्थित गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सलूम्बर जिले में शिक्षा का स्तर नई ऊंचाइयों को छुएगा और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता व गति आएगी

माया बजाड़ का अनुभव और उनकी कार्यशैली सलूम्बर के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी साबित होगी हम उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हैं

उएइड कार्यालय मे समस्त शिक्षा विभाग ने बधाई माया बजाड़ को नवनियुक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर समस्त शिक्षा विभाग एवं क्षेत्रवासियों की ओर से उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुरः सपा कार्यालय में मनाई गई महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती, 2027 के लिए एकजुटता का संकल्प



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** अंबाला रोड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई, जहाँ पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, वरिष्ठ नेता रतन यादव, चौधरी अब्दुल गफूर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी और महानगर विधानसभा अध्यक्ष कासिफ अल्वी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा फुले के दलित उत्थान, महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के क्रांतिकारी विचारों को वर्तमान समय में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को सशक्त बनाने का संकल्प लिया; साथ ही, श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अभी से एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम करने का आ''ान किया। इस कार्यक्रम में महेंद्र खोटियान, रिजवान, अंकित शर्मा, देव कुमार, शाहिद मंसूरी और वेदपाल पटनी जैसे कई प्रमुख कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### ब्लॉक स्तरीय अंबेडकर ज्ञान महोत्सव देसूरी में धूमधाम से सम्पन्न




**चमकता राजस्थान/देसूरी।** अखिल भारतीय अंबेडकर परिषद के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय अंबेडकर ज्ञान महोत्सव का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन देसूरी में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम क्रांति सूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसने सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के महत्व को नई दिशा दी।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक समरसता और आत्मविकास पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। भिक्खू डॉ. नंदवरो ने अपने संबोधन में मनुष्य जीवन को उद्देश्यपूर्ण एवं सार्थक बनाने पर जोर दिया। वहीं भोपाल से पधारे डॉ. पुरुषोत्तम मेघवाल ने विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं के बाद प्रशासनिक सेवाओं में जाने के विभिन्न अवसरों और मार्गों की विस्तृत जानकारी दी।

तहसीलदार नीतू सिंह मीणा ने बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए अधिक से अधिक बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का आ''ान किया। शिक्षाविद् नख्ता राम भील ने समाज में एकता और समानता स्थापित करने में शिक्षा की अहम भूमिका को रेखांकित किया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 80 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की विशेषता बच्चों एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक सशक्त मंच प्राप्त हुआ।

यह आयोजन न केवल एक कार्यक्रम रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता, शिक्षा और समानता का सशक्त संदेश देने वाला एक प्रेरणादायक अभियान बनकर उभरा।

# राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद का अधिवेशन आज

## कर्मचारी हितों की विभिन्न मांगों को लेकर परिषद के दसवें कार्यकर्ता अधिवेशन में होगा मंथन

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद् का दशम प्रदेश कार्यकर्ता अधिवेशन रविवार 12 अप्रैल को आदर्ष विद्या मन्दिर, राजापार्क, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेषन के सफल आयोजन हेतु प्रदेषाध्यक्ष अरविन्द राव की अध्यक्षता में षिक्षा संकुल में सम्पर्क कर बैठक आयोजित की गई।

प्रदेष महामंत्री कमलेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि अधिवेषन में राज्यभर से मंत्रालयिक कर्मचारी अलग अलग विभागों से रविवार प्रातः जयपुर पहुचेगें जहां दिन भर अद्घाटन सत्र के अलावा चार सत्रों में मांगों पर चर्चा के साथ संगठनात्मक विस्तार पर भी चर्चा की जायेगी। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रौढ प्रमुख कैलाषचन्द्र, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेष महामंत्री हरीमोहन शर्मा, महासंघ प्रभारी व प्रदेश मंत्री कैलाश षर्मा, राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ प्रदेषाध्यक्ष मेघवान सिंह, प्रदेष महामंत्री राकेष षर्मा, परिषद् के प्रदेश संरक्षक अनूप सक्सेना, प्रदेष कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी का मार्गदर्शन मिलेगा।

अधिवेषन संयोजक सतीश पंचौली ने बताया कि अधिवेशन में मंत्रालयिक कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में मंत्रालयिक सवंर्ग का तीसरा पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी को 4200 ग्रेड पे करना, संस्थापन अधिकारी के साथ नया पद उप सचिव ग्रेड पे 7600 सृजित करना, मंत्रालयिक सवंर्ग का निदेषालय गठन, पदौन्नति में अनुभव की पूर्ण शिथिलता प्रदान करना, एसीपी का लाभ 8,16,24 व 32 वर्ष की सेवा पर देना, केन्द्र के समान भत्ते स्वीकृत करना, वरिष्ठता का निर्धारण प्रदेष स्तरीय हो, निजी सहायक सवंर्ग में पांचवी पदोन्नति व निजी सचिव की पे लेवल 16 (6600) का लाभ के आदष जारी करने पर चर्चा कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाये जायेगें।

तैयारी बैठक में सह संयोजक अमित शांडिल्य, प्रदेष वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप धाबाई, प्रदेष कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर आमेटा, दिनेष शर्मा, मोहित शर्मा, कपिल गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, राधेष्याम षर्मा, सैयद असगर नकवी, सुरेन्द्र शेखावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### परशुराम शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विप्र समाज ने कसी कमर

- विप्र बंधुओं, युवाओं और मातृशक्ति की बैठकें आयोजित



**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत/चौमूं।** शहर में आगामी 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को शहर के दो प्रमुख स्थानों—इंद्रा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर और रेलवे स्टेशन रोड श्याम नगर स्थित श्याम मंदिर में महत्वपूर्ण बैठकें संपन्न हुई।बैठक में विप्र बंधुओं, युवा शक्ति और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की शपथ ली। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न टीमों का गठन कर कार्य विभाजन किया गया।जनसंपर्क और प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट वितरित किए गए।शोभायात्रा के रूट और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान युवाओं और महिलाओं ने आ''ान किया कि आगामी 12 अप्रैल रविवार को भगवान गणेश जी को निमंत्रण दिया जाएगा और पीले चावल बांटकर समाज को आमंत्रित किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधियों ने अपील की है कि सभी विप्र जन इस अवसर पर उपस्थित होकर भगवान गणेश और श्री परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।शोभायात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विप्र एकता का प्रतीक है। इसमें मातृशक्ति और युवाओं की भागीदारी इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विप्र बंधु, उत्साहित युवा और मातृशक्ति मौजूद रही, जिन्होंने जय परशुराम के जयघोष के साथ आयोजन को भव्य बनाने का उत्साह दिखाया।

### पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा किया गया "Mobile Forensic Van" का अनावरण

**चमकता राजस्थान/खरगोन।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बेहतर एवं आधुनिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलों को नवीन उपकरण एवं विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं । इसी क्रम में घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने हेतु जिला खरगोन को एक अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन आवंटित की गई है । जिसका आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा अनावरण किया गया है । जिले को आवंटित यह मोबाइल फोरेंसिक वैन अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसमें लगभग 14 प्रकार की विभिन्न किट उपलब्ध हैं, जो घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन एवं जांच कार्य में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी । इसके माध्यम से घटना स्थल की बारीकी से जांच, साक्ष्यों का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से संग्रहण तथा त्वरित विश्लेषण संभव हो सकेगा । उक्त मौके पर अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) श्री बिट्टू सहगल व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल, जिला एफएसएल अधिकारी श्री सुनील मकवाना एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा ।



## कुण्डल तहसील मुख्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर ग्राम खड़का में बड़े धूम धाम से मनाई व भव्य शोभायात्रा निकल गई

### ग्राम खड़का में महात्मा ज्योतिबा फुले के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया

चमकता राजस्थान




**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** कुण्डल तहसील मुख्यालय क्षेत्र कि महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई फूल मालाओं से झांकी सजाई गई एवं गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान सैनी समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। खड़का कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस दौरान विष्णु सैनी एलएसए सिंडोली ने बताया कि हर वर्ष समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर भौमिया महाराज से 101 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होती हैं। शोभायात्रा कस्बे के भोमिया महाराज से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए आमली व तकिया वाले बाबा तक पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह फलों का वितरण किया। एवं जगह जगह जल पान की सुविधाए दी गई शोभायात्रा में ग्रामीण नाचते गाते हुए गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। अनिल कुमार सैनी खड़का ने बताया की महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक क्रांति के जनक थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए निरंतर संघर्ष किया। समाज को सशक्त बनाने में ज्योतिबा फुले का विशेष योगदान रहा है। देश में महात्मा फुले को एक महान समाज सुधारक और क्रांतिकारी के तौर पर जाना जाता है। इस अवसर पर माहात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। इस मौके सैनी समाज अध्यक्ष सिंडोली रामकिशोर सैनी,अध्यक्ष हनुमान सैनी उपाध्यक्ष किशोरी लाल सैनी पूरण सैनी जगदीश सैनी महेश सैनी,नगराम सेठ रामजीलाल मूलचंद मास्टर अशोक,अनिल कुमार सैनी,मांगीलाल सैनी ओमप्रकाश सैनी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

### सीएम भजन लाल शर्मा का बड़ा ऐलान :

## प्रत्येक जिले में खुलेंगे ज्योतिबा फूले आदर्श स्कूल, हर ब्लॉक स्तर पर खुलेगी सावित्रीबाई ई-लाइब्रेरी

चमकता राजस्थान

रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और सामाजिक योगदान को याद किया. मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ज्योतिबा फुले जयंती पर हर जिले में ज्योतिबा फुले आदर्श स्कूल खोलने का एक बड़ा ऐलान किया. मुख्यमंत्री ने हर ब्लॉक में सावित्री बाई ई-लाइब्रेरी की भी घोषणा की. सीएम भजन लाल शर्मा ने शनिवार दोपहर बांदीकुई में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया. क्षेत्र को कई बड़ी बड़ी सौगाते दी गई.




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार बनाया. खासकर महिला शिक्षा को लेकर उनका दृष्टिकोण क्रांतिकारी था. कि स तरह ज्योतिबा ने अपनी पत्न ी सावित्री बाई फुले को शिक्षित कर समाज में नई चेतना पैदा की. सावित्री बाई ने बस्तियों में जाकर शिक्षा की अलख जगाई. मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ज्योतिबा की 200वीं जयंती पर राजस्थान के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सावित्रीबाई फुले ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है. इसके अलावा हर जिले में महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय स्थापित करने का भी ऐलान किया.

# क्या स्वतंत्र भारत की पहली पूर्ण "जाति जनगणना" उस समूह के साथ न्याय कर पाएगी, जिसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है

## विमुक्त जनजातियाँ, घुमंतू जनजातियाँ और अर्ध-घुमंतू समुदाय (DNT/NT)?

चमकता राजस्थान

**लेखक :- धौलपुर से रामदास तरुण**

स्वतंत्र भारत की पहली पूर्ण,, जाति जनगणना,, उस समूह के साथ अब तक के संकेत उत्साहजनक नहीं हैं। 2027 की जनगणना के प्रभारी भारत के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल ) ने इस विषय पर चुप्पी साध रखी है। सरकार विनम्र भाषा में आश्वासन तो देती है, लेकिन आगामी जनगणना में DNT/NT समुदायों को शामिल करने के सीधे प्रश्न पर स्पष्ट उत्तर देने से बचती रही है। हाल ही में, उच्चतम न्यायालय ने इन समुदायों के प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया—यह याचिका उन्हें, जाति जनगणना में शामिल करने की एक महत्वपूर्ण कोशिश थी। और इस दौरान की गई कुछ टिप्पणियाँ अनावश्यक एवं असंवेदनशील मानी गईं। ये घटनाएँ संकेत देती हैं, कि उ्रछ्रळ/ठळ समुदायों के संदर्भ में भारतीय राज्य की 'सौम्य शत्रुता' कहीं न कहीं औपनिवेशिक काल की 'सक्रिय क्रूरता' की निरंतरता प्रतीत होती है। इस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के महत्वपूर्ण अवसर को गंवाकर, भारतीय राज्य स्वयं अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है।

ये समुदाय आज भी हमारे सामाजिक परिदृश्य में लगभग अदृश्य हैं। एक शिक्षित भारतीय समाज ने किसी हद तक ''दलितों'' को पहचानना शुरू किया है, और ''आदिवासियों'' के बारे में भी कुछ सीमित (अक्सर अपूर्ण) जानकारी रखता है, लेकिन ''विमुक्त जनजाति'' या ''घुमंतू समुदाय'' की वास्तविकता से वह लगभग अनभिज्ञ है। उत्तर भारत में हममें से कुछ लोगों ने सड़क किनारे अपनी बैलगाड़ियों के



साथ डेरा डाले पारंपरिक लोहार-'गाड़िया लोहार' देखे होंगे। कुछ लोग यह किंवदंती भी जानते होंगे, कि वे महाराणा प्रताप की सेना के वंशज हैं, जिन्होंने संकल्प लिया था। कि जब तक उनके राजा को पुनः सिंहासन नहीं मिल जाता, वे स्थायी रूप से नहीं बसेंगे,-एक संकल्प जो आज तक अधूरा है। पश्चिम और दक्षिण भारत में बंजारा समुदाय अपने रंग-बिरंगे परिधानों और 'टांडा' नामक बस्तियों के लिए जाना जाता है। वहीं, कभी-कभी हम सड़क पर पशुओं के बड़े झुंड के साथ चलते गुज्जर समुदाय को देखकर असहज भी हो उठते हैं। लेकिन हमारी जानकारी यहीं तक सीमित रह जाती है। हमारा सामाजिक संसार अक्सर बनर्जी, गौड़ा, गोगोई, अय्यर, अयंगर, झा, मेनन, मिश्रा, पटनायक, राव, सिंह, तिवारी या यादव जैसे परिचित नामों तक सीमित है, जबकि बंजारा, बहुरूपिया, बिरहोर, फकीर, गाड़िया लोहार, जोगी, कालबेलिया, कोल्हाटी, लम्बाडा, मालधारी, पेरना, सांसी, सपेरा, मोगिया, वन गुज्जर या येरुकाला जैसे समुदाय मानो हमारी चेतना से बाहर हैं।

- **''घृणित, अपमानित, कत्लेआम का शिकार''**

यह शीर्षक प्रसिद्ध लेखक :-रामदास तरुण द्वारा DNT/NT समुदायों पर लिखे गए लेख का है, जो आज भी उनकी स्थिति को सटीक रूप में दर्शाता है। इन समुदायों की स्थिति को समझने के लिए कल्पना कीजिए कि एक समूह को वह सब झेलना पड़ता है, जो गरीब, दलित, आदिवासी और LGBTQ समुदाय झेलते हैं—DNT/NT की वास्तविकता कुछ ऐसी ही है। वे शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के अवसरों की कमी से जूझते हैं, जैसा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग करता है। वे सामाजिक भेदभाव और दूरी का सामना करते हैं, जैसा कि दलित समुदाय करता है। वे मुख्यधारा से कटे हुए हैं, जैसा कि आदिवासी समुदाय अनुभव करता है। और उन्हें अदृश्यता तथा सामाजिक कलंक दोनों का सामना करना पड़ता है, जैसा कि LGBTQ समुदाय के साथ होता है। इस दृष्टि से, विमुक्त और घुमंतू समुदाय समकालीन भारत में उसी प्रकार हाशिए पर हैं, जैसे अमेरिका में मूल निवासी समुदाय। ये समुदाय आधुनिकता के भी शिकार बने हैं। पारंपरिक रूप से वे औषधीय पौधों के ज्ञान, लोक-चिकित्सा, पशुपालन, रंगाई-बुनाई, हस्तशिल्प और अनेक पारंपरिक कौशलों के संरक्षक रहे हैं। किंतु आधुनिक वैज्ञानिक और औद्योगिक व्यवस्थाओं के विस्तार ने उनके इन पारंपरिक व्यवसायों को हाशिए पर धकेल दिया है, जिससे उनकी आजीविका और पहचान दोनों संकट में पड़ गई हैं। ऐसे में, जाति जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि उ्रछ्रळ/ठळ समुदायों को इसमें समुचित स्थान नहीं मिलता, तो यह न केवल एक प्रशासनिक चूक होगी, बल्कि एक ऐतिहासिक अवसर का भी नुकसान होगा-एक ऐसा अवसर, जो इन अदृश्य समुदायों को पहचान, अधिकार और गरिमा दिलाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकता था।

### महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर एनएसयूआई ने की पुष्पांजलि



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर एनएसयूआई जोधपुर शहर कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ बबलू सोलंकी के नेतृत्व में महामंदिर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने समाज में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया तथा शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बनाया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया। डॉ. सोलंकी ने कहा कि महात्मा फूले के विचार आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हैं, और युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और न्याय स्थापित करने के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्र-युवाओं के अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से उठाती रही है, और महात्मा फूले के आदर्श संगठन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों को अपनाने और शिक्षा एवं सामाजिक समानता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान छात्र प्रतिनिधि एम.एल. चौधरी, इकाई अध्यक्ष जुझार सिंह चौधरी जिला महासचिव आदेश बिश्नोई, हेमराज सोलंकी, दीपक बिश्नोई जिला सचिव राजवीर पटेल, ललित चांवरिया, रमेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्प अर्पित कर महात्मा फूले को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# कब और किसे नहीं खाना चाहिए कद्दू



**कद्दू विटामिन ए से भरपूर होता है। यह त्वचा, हड्डी और दांतों को स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा ये फाइबर से भरपूर है जो कि कई बीमारियों से बचाता है। ये पेट का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है और पाचन क्रिया को तेज करता है। कद्दू में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जैसे अल्फा-कैरोटीन, बीटा-कैरोटीन और बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन। ये एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों को बेअसर कर सकते हैं और आपकी कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त होने से बचा सकते हैं। लेकिन, हर स्थिति में कद्दू खाना फायदेमंद नहीं है। क्यों जानते हैं इस बारे में।**

पेट सही न हो तो कद्दू न खाएं : कद्दू खाना गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) इंफेक्शन से जुड़े लक्षणों को बढ़ा सकता है। इसकी वजह से आपको फूड एलर्जी हो सकती है। इससे अलावा कद्दू खाना पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है जिससे समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

फूड प्वाइजनिंग हो सकती है : कद्दू खाना बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगजनकों को प्रसारित कर सकता है जो बीमारी का कारण बन सकते हैं। ये फूड प्वाइजनिंग की वजह बन सकता है और आपको गंभीर रूप से बीमार कर सकता है। इसे खाने के बाद उल्टी, मतली और कई प्रकार की समस्याएं हो सकती है और ये दस्त समेत शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

गर्भवती हैं या स्तनपान कराने वाली मां : जो लोग गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, उन्हें इसे खाने से बचना चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करने से पहले हमेशा अपने आहार के बारे में डॉक्टर से जांच करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसे खाना उनके लिए सुरक्षित है या नहीं।

कुछ दवाओं के कारण नुकसान : कद्दू के पोषक तत्व शरीर को पानी की मात्रा को जल्दी से खत्म करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं यानी कि डिहाइड्रेट कर सकते हैं। जो इस बात पर असर डाल सकता है कि शरीर लिथियम जैसी कुछ दवाओं को कैसे अवशोषित करता है। इसलिए दवाओं के साथ कद्दू खाने से बचें।

लो बीपी में : कद्दू के बीज में बीटा कैरोटीन और मैग्नीशियम होता है जो ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। लेकिन, अगर आप हाई बीपी की दवाओं जैसी दवाओं का उपयोग कर रहे हैं, तो अपने आहार में कद्दू को शामिल करने से पहले डॉक्टर से बात करें। तो, इन तमाम स्थितियों में कद्दू खाने से बचें।

## खाना खाने के कितनी देर के बाद पानी पीना चाहिए?

कुछ लोग खाना खाने से पहले पानी पीते हैं, तो वहीं कुछ लोग खाना खाते-खाते पानी पी लेते हैं और कुछ लोग खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना खाते-खाते या फिर खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने की वजह से आपको सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? आइए जानकारी हासिल करते हैं कि आखिर आपको खाना खाने के कितनी देर बाद पानी पीना चाहिए।

### 30 मिनट के बाद पिएं पानी

आयुर्वेद के मुताबिक आपको खाना खाने के कम से कम 20-30 मिनट के बाद ही पानी पीना चाहिए। अगर आप खाना खाने के आधे घंटे बाद पानी पीते हैं, तो आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर नहीं पड़ता है। यानी अगर आप अपने डाइजेस्टिव सिस्टम को डिस्टर्ब नहीं करना चाहते, तो आपको खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने से बचना चाहिए।

### खाने के तुरंत बाद पानी पीने से क्या होता है?

खाने के तुरंत बाद पानी पीने से आपकी गट हेल्थ बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। आपकी इस आदत की वजह से आपको पेट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। खाने के एकदम बाद पानी पीने से डाइजेशन प्रोसेस धीमा हो जाता है। यही वजह है कि आयुर्वेद में खाने के तुरंत बाद पानी पीने से मना किया जाता है।

### गौर करने वाली बात

आयुर्वेद के मुताबिक खाने को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए। अगर आप बड़ी-बड़ी बाइट्स बिना चबाए निगल जाएंगे, तो आपकी गट हेल्थ पर नेगेटिव असर पड़ सकता है और आप पेट से जुड़ी समस्याओं का शिकार बन सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहते हैं कि आपका खाना अच्छी तरह से डाइजेस्ट हो पाए, तो आपको खाने और सोने के बीच में भी कम से कम दो से तीन घंटे का गैप रखना चाहिए।





## मधुमेह के मरीज रोज सुबह खाली पेट पी लें इस सूखे पत्ते की चाय

रसोई में ऐसे कई मसाले हैं जिनका इस्तेमाल बीमारियों में दवा का काम करता है। शुगर से लेकर हाई ब्लड प्रेशर तक को कंट्रोल करने में ये मसाले या पत्ते इस्तेमाल किए जाते हैं। मधुमेह में कई घरेलू नुस्खे असरदार साबित होते हैं। जिनका लगातार इस्तेमाल करने से शरीर में ब्लड शुगर कंट्रोल होने लगता है। ऐसा ही सूखा पत्ता है तेज पत्ता, जिसका इस्तेमाल गरम मसाले में करते हैं। तेज पत्ता काफी खुशबूदार होता है। डायबिटीज के मरीज अगर सुबह खाली पेट तेज पत्ता की चाय बनाकर पीते हैं तो इससे शुगर को कम करने में फायदा मिलता है।

तेज पत्ता को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। तेज पत्ता में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व डायबिटीज में असरदार साबित होते हैं। तेज पत्ता में आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, सेलेनियम और कॉपर होता है। कुछ दिनों तक नियमित रूप से तेज पत्ता का पानी या चाय पीने से पुरानी से पुरानी डायबिटीज को कम किया जा सकता है।

### शुगर में तेजपता के फायदे

आयुर्वेदिक डॉक्टर्स की मानें तो शुगर को कम करने के लिए कई तरह की जड़ी बूटियां हैं जो आपके घर में भी आसानी से मिल जाती हैं। आचार्य बालकृष्ण की मानें तो डायबिटीज में तेज पत्ता काफी फायदेमंद है। कई रिसर्च में भी ये सामने आ चुका है कि डाइट और एक्सरसाइज के साथ कुछ आयुर्वेदिक उपाय करने से शुगर कम होने लगती है। ऐसा करने से इंसुलिन फंक्शन में सुधार आता है।

### शुगर में तेज पता की चाय?

तेज पता का इस्तेमाल खाने में तो सभी करते हैं। लेकिन डायबिटीज के मरीज को इसकी चाय या पानी पीना चाहिए। तेज पता की चाय बनाने के लिए 1 तेज पता 1 गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इस पानी को उबालकर छानकर पी लें। आप चाहें तो अपनी नॉर्मल दूध वाली चाय में भी तेज पता का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा तेज पता की चाय में थोड़ी दालचीनी, इलायची और तुलसी डालकर भी इसे तैयार कर सकते हैं। नॉर्मली आप सुबह खाली पेट तेज पता का पानी पी सकते हैं। इससे धीरे-धीरे ब्लड शुगर लेवल नॉर्मल होने लगेगा।

### इन बीमारियों में फायदा करता है तेज पता

तेज पता न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि कई बीमारियों में भी असरदार काम करता है। तेज पता का सेवन करने से पेट की समस्या जैसे कब्ज, एसिडिटी, मरोड़ और दर्द को कम किया जा सकता है। अगर किडनी में स्टोन हो रहे हैं तो तेज पता का पानी पीने से फायदा मिलेगा। जिन लोगों को नींद की समस्या रहती है। वो तेज पता के तेल की कुछ बूंदें पानी में डालकर पी लें। जोड़ों पर तेज पता के तेल से मसाज करना राहत पहुंचाता है।

## सेहत के लिए वरदान साबित होगी लेमनग्रास टी



क्या आप जानते हैं कि सही मात्रा में और सही तरीके से लेमनग्रास चाय पीने से आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को काफी हद तक दूर कर सकते हैं? आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लेमनग्रास टी में विटामिन ए, विटामिन सी, जिंक, कॉपर, आयरन, पोटेशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर लेमनग्रास टी पीने की सलाह देते हैं। आइए इसके पीछे छिपे कुछ कारणों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

लेमनग्रास टी में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक सुधार सकते हैं। एसिडिटी और पेट दर्द जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप लेमनग्रास टी का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा लेमनग्रास टी आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर आपकी वेट लॉस जर्नी को भी काफी हद तक आसान बना सकती है।

### बूस्ट करे इम्यूनिटी

विटामिन सी रिच लेमनग्रास टी को रेगुलरली कंज्यूम करने से आप अपने इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बना सकते हैं। लेमनग्रास टी न केवल कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ को सुधारने में भी कारगर साबित हो सकती है। जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी लेमनग्रास टी का सेवन किया जा सकता है।

### मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लेमनग्रास टी न केवल आपकी फिजिकल हेल्थ के लिए बल्कि आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकती है। अगर आप तनाव और चिंता को कम करना चाहते हैं, तो लेमनग्रास टी पीना शुरू कर दीजिए। कुल मिलाकर अपनी ओवरऑल हेल्थ को सुधारने के लिए लेमनग्रास टी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बनाया जा सकता है।

## फायदा ही नहीं सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है ओट्स

**जानें किन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए?**

ओट्स का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह सुपरफूड अपने हाई फाइबर और हृदय स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। रात भर भिगोए गए ओट्स से लेकर ओट्स चीला तक, इस अनाज को खाने के कई तरीके हैं। यानी नाश्ते के लिए ओट्स एक हेल्दी विकल्प है, लेकिन कुछ लोगों को इसे नहीं खाना चाहिए। चलिए जानते हैं वे लोग कौन हैं?

### किन लोगों को नहीं खाना चाहिए ओट्स:

एलर्जी होने पर : ओट्स से एलर्जी बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकती है। ओट्स एलर्जी के लक्षणों में पित्ती, जठरांत्र संबंधी, श्वसन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। इसलिए, ओट्स से एलर्जी वाले लोगों को ओट्स के उत्पादों का सेवन करने से बचना चाहिए।

इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से पीड़ित : ओट्स में घुलनशील फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। लेकिन, ओट्स में मौजूद हाई फाइबर इरिटेबल बाउल सिंड्रोम वाले लोगों में यह समस्या हो सकती है। इससे पेट में सूजन, गैस और तकलीफ पैदा हो सकती है।

मिनिरल्स की कमी होने पर : ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो एक एंटीन्यूट्रिएंट है जो कैल्शियम, आयरन और जिंक जैसे आवश्यक मिनिरल्स से जुड़ सकता है, जिससे शरीर में अवशोषण कम हो जाता है। हालांकि यह स्वस्थ लोगों के लिए हानिकारक नहीं है, लेकिन जिन लोगों में मिनिरल्स की कमी है या जो लोग मुख्य रूप से ओट्स खाते हैं, उन्हें कम मात्रा में ओट्स खाना चाहिए।

किडनी की बीमारी से पीड़ित लोग : ओट्स में फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जो किडनी के लिए हानिकारक हो सकती है, इसलिए किडनी की बीमारी वाले लोगों को ओट्स खाने से बचना चाहिए।

डायबिटीज के मरीज: ओट्स में कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा सकते हैं, इसलिए डायबिटीज के मरीजों को डॉक्टर से सलाह लेकर ही ओट्स खाना चाहिए।



## खाने के बाद करें 10 मिनट की वॉक

रोजाना वॉक करके आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर भगा सकते हैं। लेकिन क्या आप खाना खाने के बाद वॉक करने के कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं? दादी-नानी के जमाने से खाना खाने के बाद वॉक करने की सलाह दी जाती रही है। जो लोग रेगुलरली टहलते हैं, उनका शरीर बाकी लोगों की तुलना में ज्यादा ताकतवर बन जाता है। आइए जानते हैं कि खाना खाने के बाद वॉक क्यों करनी चाहिए.. आपको हर रोज खाना खाने के बाद महज 10 मिनट निकालकर टहलना चाहिए। एक हफ्ते तक इस नियम को बिना तोड़े फॉलो कीजिए और आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखने को मिल जाएगा। हालांकि, खाना खाने के बाद आपको ज्यादा तेज स्पीड में वॉक नहीं करनी चाहिए वरना आपके शरीर पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।

मिलेंगे फायदे ही फायदे - खाने के बाद वॉक करने से आप अपने ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं। अगर आपको डायबिटीज है तो आपको इस नियम को जरूर फॉलो करना चाहिए। खाने के बाद वॉक करने से न केवल आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट किया जा सकता है बल्कि आपकी गट हेल्थ को भी काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

# चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं सीएम ममता

## कहा - सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन उनपर नहीं





**उत्तर 24 परगना।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें। असम की 126 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था।

## नाबालिग निकली 'महाकुंभ वायरल गर्ल' मोनालिसा

### पति पर पोक्सो केस दर्ज; माकपा पर भी उठे सवाल



**तिरुवनंतपुरम।**

केरल में सामाजिक समावेश का प्रतीक बताकर चर्चित शादी अब गंभीर कानूनी और राजनीतिक विवाद में घिर गई है। 'महाकुंभ मेला वायरल स्टार' के नाम से चर्चित मोनालिसा भोसले के नाबालिग होने का खुलासा होने के बाद मध्य प्रदेश पुलिस ने उसके पति फर्मान खान के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह मामला राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की जांच के बाद सामने आया। आयोग के अनुसार, मोनालिसा भोसले की जन्मतिथि 30 दिसंबर 2009 है और शादी के समय उसकी उम्र महज 16 वर्ष थी। आयोग ने यह भी आरोप लगाया है कि शादी कराने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार किया गया। इस मामले में आयोग ने केरल और मध्य प्रदेश के डीजीपी को 22 अप्रैल को दिल्ली में पेश होने के लिए समन जारी किया है। गौरतलब है कि यह हाई-प्रोफाइल शादी 11 मार्च को तिरुवनंतपुरम के पास पूवर स्थित एक मंदिर में हुई थी, जिसे राजनीतिक समर्थन भी मिला था। शादी से पहले दंपति ने थंपानूर पुलिस स्टेशन में सुरक्षा की मांग की थी और परिवार से खतरे की बात कही थी। इस विवाह को उस समय माकपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने और भी चर्चा में ला दिया था। पार्टी के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन, शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी और राज्यसभा सांसद ए.ए. रहीम ने इसे 'केरल की असली कहानी' बताते हुए सामाजिक सौहार्द का उदाहरण बताया था। उस समय पुलिस ने दंपति के इस दावे पर भरोसा किया था कि लड़की बालिग है और उसे अपनी पसंद से विवाह करने का अधिकार है। अब लड़की के नाबालिग होने के खुलासे ने इस पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। इससे न केवल शादी की वैधता पर सवाल उठे हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक समर्थन की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा

- **घर में 500 के नोटों के बंडल जले मिले थे; सुप्रीम कोर्ट की जांच में दोषी**




**नयी दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है. वह कैश कांड से चर्चा में आए थे। बीते साल मार्च महीने में उनके दिल्ली स्थित बंगले में आग लग गई थी। इस दौरान बंगले से नोटों के जले हुए बंडल मिलने के दावे किए गए थे। इसके बाद ही ये मामला चर्चा में आ गया था। बीते 13 महीने से जारी इस विवाद और तमाम जांच समेत महाभियोग की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया। विवाद पिछले साल मार्च का है, जब उनके सरकारी आवास में आग लग गई थी। आग बुझाने के दौरान वहां से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की बात सामने आई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नकदी के बंडल करीब डेढ़ फीट ऊंचे तक रखे हुए थे। इस घटना के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने मामले का संज्ञान लिया था।बाद में जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया था। हालांकि, जस्टिस वर्मा ने घर से कैश बरामद होने के सभी आरोपों से इनकार किया था। इस मामले में पूछताछ कर रही संसदीय समिति के सामने अपने जवाब में उन्होंने कहा कि आग लगने के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे, बल्कि वह तो मौके पर भी सबसे पहले नहीं पहुंचे थे। इस मामले के तूल पकड़ने पर बीते साल ही अगस्त 2025 में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जजेज (इंक्वयरी) एक्ट, 1968 के तहत तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनींदर मोहन और सीनियर एडवोकेट बीवी आचार्य शामिल थे। जस्टिस वर्मा ने इस कमेटी की वैधता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि उनके खिलाफ हटाने का प्रस्ताव राज्यसभा के उपसभापति द्वारा खारिज किया जा चुका है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और जांच कमेटी को इस मामले में जांच आगे जारी रखने की परमिशन भी दी।

### मथुरा में बड़ा हादसा

## यमुना में पुल से टकराकर पलटी नाव, पंजाब के 10 श्रद्धालुओं की मौत



**वृंदावन।**

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। केसी घाट पर श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस दुर्घटना में नाव सवार करीब 25 से 30 श्रद्धालु यमुना के पानी में डूब गए। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने इसकी पुष्टि की है। वहीं बाकियों की तलाश जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से आया है और ये सभी उनमें ही शामिल थे। बताया गया है जिस नाव में लोग सवार थे वो भी पलट कर डूब गई है और उसकी तलाश भी जारी है। जिसकी यह नाव है वो प्राइवेट नाविक था।हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

# 'भाड़ में जाए बिहार, लेकिन अपनी कुर्सी बची रहे'

## नीतीश कुमार की राज्यसभा सांसद बनने पर तेजस्वी का पहला रिएक्शन





**पटना।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार (10 अप्रैल 2026) को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इस पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सवाल यह है कि इतना बड़ा जनादेश मिलने के बावजूद सरकार में बदलाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अगर नीतीश कुमार की ऐसी इच्छा थी, तो वे चुनाव से पहले ही यह बात कह सकते थे। लेकिन अब अचानक, मुख्यमंत्री पद के लिए वोट लेने के बाद उनका मन बदलना समझ से परे है। मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने आगे कहा, 'बिहारः आरजेडी नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ लेने पर कहा, 'यह महज़ एक औपचारिकता है और वह ऐसा तब भी कर रहे हैं, जब वह खुद ए सा। नहीं चाहते। उन पर दबाव है। हमने चुनावों के दौरान ही कह दिया था कि उन्हें (मुख्यमंत्री को) पद पर बने रहने नहीं दिया जाएगा। सवाल यह है कि इतने बड़े जनादेश के बाद भी सरकार में बदलाव क्यों किया जा रहा है? बिहार के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।लोग परेशान हैं।इन लोगों का मकसद सिर्फ़ अपनी कुर्सियों से चिपके रहना है। ये लोग सिर्फ़ बिहार को बदनाम और बर्बाद कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार पर काफी दबाव नजर आता है। कभी कोई उनका हाथ पकड़ता है, कभी पैर, तो कभी उनका कुर्ता खींचता दिखता है। उन्होंने कहा कि पुराने वीडियो फुटेज देखने से यह साफ समझ में आता है। जब नीतीश कुमार सदन में बोलते हैं, तो कई बार उनकी बात बीच में रोक दी जाती है। कभी पीछे से कोई उनका कंधा पकड़ लेता है, तो कभी कोई उनका हाथ नीचे कर देता है।तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि इस तरह उन्हें कई बार अपमानित किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### सीएम रहते राज्यसभा की शपथ, क्यों खास है नीतीश कुमार का यह कदम? बन गया नया रिकॉर्ड



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम कई रिकॉर्ड हैं। अब एक नया रिकॉर्ड बन गया। मुख्यमंत्री रहते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले वे पहले नेता है। मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने वाले देश में कई नाम है पर मुख्यमंत्री रहते हुए राज्यसभा सदस्य बनने वाले नीतीश इकलौते नेता हैं। कई नेता ऐसे रहे जिन्होंने राज्य की सियासत के बाद उच्च सदन की राह पकड़ी। लेकिन वे सभी मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उच्च सदन गए। लेकिन नीतीश कुमार अब बिहार के मुख्यमंत्री के साथ ही राज्यसभा सदस्य भी बन गए हैं जो अपने आप में पहली और अनूठी घटना है। बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड में मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन। ने जब यह पद छोड़ा तो उनकी पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेजा। इसी तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह भी जब सीएम की कुर्सी से हटे तो कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाया। शरद पवार का नाम भी इस सूची में शामिल है। वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद वह राज्यसभा के सदस्य बने। जम्मू कश्मीर में भी इसका उदाहरण है। महबूबा मुफ्ती ने जब वहां के मुख्यमंत्री के पद को छोड़ा तब वह राज्यसभा की सदस्य बनीं ।लइसी कड़ी में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद विप्लव कुमार देव को राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। नीतीश कुमार के नाम सिर्फ यही रिकॉर्ड नहीं है। वे 10 बार सीएम बने। सबसे लंबे समय तक बिहार की सत्ता संभाली और अब केंद्र की सियासत करेंगे।

### इजरायल मानवता के लिए अभिशाप

- **ख्वाजा आसिफ का विवादित बयान, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया**



**तेहरान।** तेहरान से आई खबर ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। वैश्विक मीडिया संस्थानों ने दावा किया था कि ईरान के वरिष्ठ अधिकारी पाकिस्तान जाकर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन शुक्रवार को ईरान के सरकारी मीडिया ने इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। ईरान ने साफ कहा है कि न तो कोई प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान गया है और न ही फिलहाल अमेरिका के साथ कोई वार्ता हो रही है। ईरान के सरकारी चैनल ने बताया कि विदेश मंत्री अब्बास अरघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालिबफ देश से बाहर नहीं गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेता तेहरान में मौजूद हैं और अपने आधिकारिक कार्यों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। एक जानकार सूत्र ने कहा, कुछ मीडिया संस्थानों में यह खबर कि ईरानी वार्ता टीम पाकिस्तान पहुंच गई है, पूरी तरह गलत है। इस बयान ने उन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है जो पिछले कुछ दिनों से चल रही थीं। ईरान की स्थिति स्पष्ट करते हुए तसनीम के सूत्र ने कहा, जब तक अमेरिका लेबनान में संघर्षविराम को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पूरी नहीं करता और हमले जारी रहते हैं, तब तक बातचीत स्थगित रहेगी। इस बयान से साफ है कि ईरान मौजूदा क्षेत्रीय हालात को देखते हुए किसी भी प्रकार की शांति वार्ता में शामिल होने के मूड में नहीं है। लेबनान में सीजफायर लागू होने तक अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान अपनी कूटनीतिक रणनीति को क्षेत्रीय घटनाओं के आधार पर तय कर रहा है।

### कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा को मिली अग्रिम जमानत, असम के सीएम की पत्नी ने दर्ज कराई थी एफआईआर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शुक्रवार (10 अप्रैल) को उनको एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत दे दी है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें उनके खिलाफ कथित तौर पर मानहानिकारक और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाने के लिए दर्ज किया गया था। उन्होंने असम पुलिस के उनके खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा की मांग की थी। जस्टिस के. सुजाना ने फैसला देते हुए कहा, 'याचिकाकर्ता को संबंधित कोर्ट में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है. याचिकाकर्ता को एक सप्ताह की राहत कुछ शर्तों के तहत दी जाती है.' तेलंगाना हाई कोर्ट ने गुरुवार (9 अप्रैल) को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. खेड़ा की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में दलील दीं। असम पुलिस की ओर से पेश होते हुए असम के एडवोकेट जनरल देवजीत सैकिया ने हैदराबाद में अग्रिम जमानत याचिका की स्वीकार्यता को चुनौती दी थी। असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ मानहानि, जालसाजी और आपराधिक साजिश के कथित मामले में गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया है। उनके खिलाफ यह केस तब दर्ज किया गया, जब उन्होंने दावा किया कि रिंकी भुइयां के पास कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। असम पुलिस की एक टीम ने मंगलवार को दिल्ली स्थित पवन खेड़ा के घर पहुंची थी। हालांकि, उस वक्त खेड़ा वहां मौजूद नहीं थे।




# प्रधानमंत्री मोदी पर जानलेवा हमले की साजिश करने वाले 3 युवक बिहार के बक्सर से गिरफ्तार

**बक्सर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमले की साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने बुधवार की देर रात 22 वर्षीय अमन तिवारी को बिहार के बक्सर जिले में गिरफ्तार किया है। उसने अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए को प्रस्ताव भी भेजा था। उसने मोटी रकम की मांग की थी और 22 दिन का समय मांगा था। पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है। बिहार के बक्सर जिले से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री ऑफिस से गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश की और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले की साजिश रची। इन युवकों को बक्सर जिले के डुमरांव सब-डिवीजन के सिमरी पुलिस स्टेशन के आशा परारी गांव से पकड़ा गया है। इन पर आरोप है कि ये विदेशी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थे और कथित तौर पर उन्हें गोपनीय जानकारी लीक कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन युवकों पर आरोप है कि उन्होंने अगले तीन हफ्तों में पीएम मोदी पर हमला करने की साजिश रची थी। पुलिस ने बुधवार देर रात संदिग्धों के घरों पर छापेमारी के दौरान एक लैपटॉप और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बरामद किए हैं। बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने युवकों की गिरफ्तारी की पुष्टि की और कहा कि संदिग्धों से एक गुप्त जगह पर पूछताछ की जा रही है। साइबर कैफे सेंटर चलाने वाले अमन कुमार समेत युवकों के बारे में गुप्त जानकारी मिलने के बाद एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई थी। एसपी ने कहा कि पूरा ऑपरेशन ज़िला पुलिस ने किया था और किसी दूसरे राज्य की पुलिस टीम की भूमिका से इनकार किया। शुरुआती जांच से पता चला है कि इन युवाओं ने यूएसए की इंटेलिजेंस एजेंसी–सीआईए से जुड़े लोगों से संपर्क किया था। एसपी ने कहा, 'संदिग्धों के पिछले रिकॉर्ड का पता लगाया जा रहा है। शुरुआती जांच से पता चला है कि अमन को पहले साइबर फ्रॉड के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। आगे की पूछताछ से विदेश में उनके कनेक्शन के बारे में पता चलेगा।' जांच अधिकारी ने कहा कि अमन को 2022 में कोलकाता इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कंप्यूटर हैक करने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि छापे के दौरान बरामद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।




## महाराष्ट्र में बिखर रही अखिलेश की सपा! रईस शेख को थमाया नोटिस, 14 दिनों का अल्टीमेटम

**लखनऊ।**



महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के भीतर अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। सपा ने भिवंडी (पूर्व) के अपने ही विधायक रईस शेख को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस घटनाक्रम से राज्य में अखिलेश यादव की पार्टी के भीतर बड़ी फूट के संकेत मिल रहे हैं। भिवंडी शहर अध्यक्ष अनस अंसारी द्वारा जारी इस नोटिस में आरोप लगाया गया है कि रईस शेख ने कई मौकों पर पार्टी के संविधान, अनुशासन और आधिकारिक निर्देशों का उल्लंघन किया है। नोटिस में यह भी दावा किया गया है कि कद्दावर नेता ने सार्वजनिक मंचों पर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी की, जिससे पार्टी की छवि और एकता को नुकसान पहुंचा है। सपा के स्थानीय नेतृत्व का दावा है कि उनके पास कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की ओर से रईस शेख के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि विधायक के आचरण से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है, जिससे भिवंडी में पार्टी के राजनीतिक हितों पर बुरा असर पड़ा है। हाल ही में हुए भिवंडी नगर निगम चुनाव का जिक्र करते हुए पार्टी ने आरोप लगाया कि विधायक ने दूसरे दलों के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा था। नोटिस में कहा गया है, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का साथ देने के बजाय रईस शेख कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में खड़े थे और यहां तक कि उनके चुनावी पोस्टरों पर भी उनकी तस्वीर नजर आई थी। इसे अनुशासन का गंभीर उल्लंघन माना गया है ।नोटिस में साफ चेतावनी दी गई है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो विधायक के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें निलंबन या निष्कासन भी शामिल है। वहीं, रईस शेख ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि उन्हें ऐसा कोई नोटिस आधिकारिक रूप से प्राप्त नहीं हुआ है और उन्होंने यह सिर्फ सोशल मीडिया पर देखा है। उन्होंने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।

### असम में बंपर वोटिंग, टूटे रिकॉर्ड! जनता ने किसे दिया वोट



**नयी दिल्ली।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी विधानसभा चुनाव में गुरुवार को मतदाताओं ने जोरदार उत्साह दिखाया। तीनों प्रदेशों में मतदान पिछले 25 साल का सर्वाधिक मतदान देखने को मिला है। असम में 85.38, केरल में 78 तथा पुदुचेरी में करीब 90 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। छुट-पुट घटनाओं व शिकायतों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा।

- **हाई टर्नआउट के सियासी संकेत**

असम उन राज्यों में है, जहां उच्च मतदान अक्सर सियासी संकेत देता है। पिछले चुनावों का पैटर्न देखें तो जब भी मतदान 80% के आसपास या उससे ऊपर जाता है, तब मुकाबला या तो बेहद कड़ा होता है या मतदाता स्पष्ट संदेश देना चाहता है। यानी यह रूटीन वोटिंग नहीं, बल्कि मूड-ड्रिवन वोटिंग जैसी दिख रही है। इस बार 5 बजे तक ही 85% मतदान हो चुका था। इससे पहले 2016 में 84.72% मतदान हुआ था, तब 2011 के मुकाबले करीब 8% मतदान अधिक हुआ था। इस बार 2021 के मुकाबले मतदान बढ़ा है। 2021 में प्रदेश में 84.42 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। हालांकि प्रदेश का इतिहास यह भी कहता है कि जब भी विधानसभा चुनाव में 7 से 8 प्रतिशत वोटिंग बढ़ती है, तब सत्ता बदल जाती है। 2011 की तुलना में 2016 में प्रदेश में 8 प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ था, तो कांग्रेस को हटाकर बीजेपी की सरकार बनी थी। हालांकि 2021 में वोटिंग प्रतिशत में 2 प्रतिशत की कमी हुई और बीजेपी अपनी सत्ता बचाने में सफल रही।

## ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा ने होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट के प्लान का किया ऐलान

**तेहरान।**

**टोल वसूलने पर अड़े, तनाव**



ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने संकेत दिए हैं कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर सख्ती को और बढ़ाएगा। मोजतबा खामेनेई ने ऐसे बयान जारी किए हैं जिनसे साफ संकेत मिलता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन में अब सिर्फ नियंत्रण रखने के बजाय ईरान उसको लेकर सोची समझी रणनीति बना रहा है और अपने कंट्रोल को अगले फेज में ले जा रहा है। ईरान की तरफ से सख्त बयान उस वक्त जारी किए जा रहे हैं जब शनिवार को पाकिस्तान में युद्धविराम के बाद ईरान और अमेरिकी अधिकारियों की बात होने की संभावना है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर पढ़े गये एक बयान में मोजतबा ने कहा 'ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन में एक नए चरण में प्रवेश करेगा।' आपको बता दें कि होर्मुज स्ट्रेट कितना महत्वपूर्ण है वो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद पूरी दुनिया, खासकर एशियाई देशों का काफी अच्छे से पता चल गया है। ईरान अब उस डर को भुनाने की कोशिश कर रहा है। वो होर्मुज को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। मोजतबा खामेनेई ने ईरानी टीवी पर एक बयान में कहा 'ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन को एक नए चरण में ले जाएगा। माना जा रहा है कि उनके कहने का मतलब ये हो सकता है कि ईरान शायद होर्मुज को और व्यवस्थित तरीके से ज्यादा प्रतिबंधात्मक बनाए। मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने के बाद से इस जलडमरूमध्य को पहले ही काफी मुश्किलों सामना करना पड़ रहा है। खामेनेई के बयान में आगे कहा गया ईरान युद्ध नहीं चाहता लेकिन अपने अधिकारों को भी नहीं छोड़ेगा और सभी प्रतिरोध मोर्चों को एक एकीकृत इकाई मानता है। इसके अलावा उन्होंने इस बात को दोहराया कि 'तेहरान इस युद्ध का निश्चित विजेता है।'

### आदित्यपुर फायरिंग कांड में तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र स्थित आशियाना रोड पर भाजपा नेता सपन दास के घर हुई फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सरायकेला-खरसावां जिले के एसपी मुकेश लुणायत के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रेम कुमार सिंह उर्फ जानू, राजू उर्फ टकला और चंदन गोराई के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद शुक्रवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फायरिंग का मुख्य उद्देश्य इलाके में दहशत फैलाना और रंगदारी वसूलना था। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय संसाधनों की मदद से तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# बच्चे नपुंसक कहकर चिढ़ाते, गार्ड बन गया हैवान; यूकेजी छात्र के रेप मर्डर में चौंकाने वाला

**जहानाबाद।**



बिहार के जहानाबाद में 5 साल के मासूम बच्चे के साथ स्कूल हॉस्टल में दरिंदगी और नृशंस हत्याकांड का खुलासा हो गया है। यूकेजी छात्र का रेप (अप्राकृतिक यौनाचार) करके धारदार हथियार से काटकर उसकी हत्या करने वाला और कोई नहीं, बल्कि हॉस्टल कैंटीन का गार्ड ही था। पुलिस ने बताया कि जब यह घटना हुई तब आरोपी शराब के नशे में था। हॉस्टल के बच्चे उसे नपुंसक कहकर चिढ़ाते थे, जिससे वह कुंठित हो गया था। जहानाबाद के एसपी अपराजित लोहान ने शुक्रवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल हॉस्टल के कैंटीन गार्ड मुकेश कुमार उर्फ सुदामा को संदिग्ध मानते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। शुरुआत में उसने हत्या की बात से इनकार कर दिया था। हालांकि, जब फॉरेंसिक टीम को उसके खिलाफ सबूत मिले, तो कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी मुकेश कुमार उर्फ सुदामा को हॉस्टल के बच्चे नपुंसक कहकर चिढ़ाते थे। उसकी उम्र करीब 40 साल है। उसकी पत्नी भी काफी समय पहले उसे छोड़कर चली गई थी। इससे उसका व्यवहार असामान्य हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में भी उसका अलग व्यवहार पुलिस को दिखाई दिया। वह कई बार सीढ़ियों से ऊपर-नीचे जाते नजर आया था। आरोपी गार्ड ने अपने बयान में कहा है कि घटना वाली रात को वह शराब के नशे में था। शहर में एक जगह से वह शराब पीकर रात में हॉस्टल आया था। बच्चे देर रात तक हॉस्टल में टीवी देख रहे थे। गार्ड अपने अपने कमरे में सोने चला गया और दरवाजा खुला रखकर लेटा हुआ था। जब बच्चे टीवी बंद कर सोने के लिए जाने लगे तो आरोपी मुकेश उन पर नजर रख रहा था। तभी उसने मासूम बच्चे को हॉस्टल से कैंटीन की ओर जाने वाली सीढ़ी पर ले जाकर हैवानियत की। आरोपी पाली थाना क्षेत्र के बेंभई गांव का रहने वाला है। किचन सिंक पर खून के निशान मिले। उसके बाथरूम की खिड़की के बाहर की तरफ एक ब्लेड लगा धारदार हथियार भी मिला। उसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा कि उसी हथियार से छात्र की हत्या की गई है या नहीं। आरोपी गार्ड मुकेश कुमार के मन में बच्चों के खिलाफ काफी कुंठा भरी थी। इसका अंदाजा मासूम बच्चे के साथ हुई हैवानियत से लगता है। आरोपी ने यूकेजी छात्र के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया और फिर धारदार हथियार से उसके शरीर के कई हिस्सों को काट दिया। मासूम के प्राइवेट पार्ट को भी नुकसान पहुंचाया गया था। इस निर्मम हत्याकांड के बाद परिजन और लोगों का भी आक्रोश भड़क उठा। 6 अप्रैल को उन्होंने हाईवे पर जाम भी लगाया। बाद में पुलिस ने समझाइश कर उन्हें शांत कराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा मंडल बैठक में संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा, पचपदरा रिफाइनरी उद्घाटन को लेकर बनी रूपरेखा



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल फलौदी की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को शहर मंडल कार्यालय पत्थर, फलौदी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया ने की।

बैठक में मंडल की मासिक गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर संगठनात्मक रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन जी राठौड़ की जोधपुर में आयोजित होने वाली संगठनात्मक बैठक तथा 21 अप्रैल 2026 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पचपदरा में रिफाइनरी उद्घाटन एवं विशाल आमसभा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता महिपालजी कोठरी, जिला महामंत्री जयप्रकाश बोहरा एवं शिवकुमार व्यास का विशेष सानिध्य रहा। इस अवसर पर मंडल महामंत्री भोमराज बोहरा, जसवंत सोनी, देवकिशन सोनी, निशा आचार्य, विमला सुथार, सौरव बोहरा, हरीश दवे, अभय सोनी, जगदीश पालीवाल, राजेंद्र भार्गव, केदार सेन, महेश शर्मा, जुगल गुचिया, हरिकिशन माली, विजय नैन, नरेंद्र नागल, राजीव देवड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गर्मी से राहत की पहलः भामाशाह डॉ. विक्रम सिंह ने विद्यालय को दिए 5 छत पंखे



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिरोलिया करावन झालावाड़।** क्षेत्र के ग्राम बनी में भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय सामाजिक पहल सामने आई है। ग्राम निवासी समाजसेवी डॉ. विक्रम सिंह ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनी में स्वप्रेरणा से 5 छत पंखे भेंट किए, जिससे कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी।

विद्यालय परिवार ने इस सहयोग को विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए डॉ. विक्रम सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि इस पहल से न केवल बच्चों को सुविधा मिलेगी, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर भामाशाह डॉ. विक्रम सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य संदीप नरवारा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस प्रेरणादायक योगदान की सराहना की।

### ज्योतिबा फुले जयंती पर कैबिनेट मंत्री कुमावत ने किया माल्यार्पण

**चमकता राजस्थान/जेके बावल/पाली।** ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ज्योतिबा फुले सर्कल पर उनकी प्रतिमा पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने माल्यार्पण किया श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अंतर्गत 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, प्रशिक्षु आईएएस बिरजु गोपाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) ओम प्रभा, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा एवं जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी, त्रिलोक चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने ज्योतिबा फुले को स्मरण करते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार कार्यों को याद किया।

### युवा समाजसेवी इमरान शेख पी.ओ.पी. दोबारा बने सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के खरगोन जिला अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान/खरगोन ।** युवा समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता इमरान शेख को सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ का दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया इस अवसर पर पूर्व विधायक रवि जोशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी काकू भाई ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। शहर के एक निजी अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उनके करीबी मित्रों और पुराने साथियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम की खास बात इसकी सादगी और आत्मीयता रही बिना किसी दिखावे के आयोजित इस समारोह में पुराने साथियों का मिलन देखने को मिला इमरान शेख ने अपने संबोधन में कहा कि वे पहले भी समाज में सद्भावना और भाईचारे के लिए कार्य करते रहे हैं और आगे भी इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे सुबह से ही सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों का तांता लगा रहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दीं। कई समर्थकों ने उन्हें निमाड़ का गौरव बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की इमरान शेख अपने सामाजिक कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं उन्होंने समय-समय पर फल वितरण, रक्तदान शिविर, निर्धन बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने जैसे कार्य किए हैं।

# ब्यावर बना प्रदेश में अग्रणी, 5 मॉडल ग्राम पंचायतों में हैंड्स-ऑन सत्र आयोजित

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा चयनित 5 मॉडल ग्राम पंचायतों– मोठी (बदनोर), खरवा (मसूदा), नरबदखेड़ा (जवाजा), कुशालपुरा (रायपुर) एवं गरनिया (जैतारण) में आज हैंड्स-ऑन गतिविधियों का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार का नवाचार करने वाला ब्यावर जिला प्रदेश में पहला जिला बन गया है, जिससे अभियान के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को गति मिली है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट और एसीईओ डॉ गोपाल लाल मीना लाल ने ग्राम पंचायत खरवा का निरीक्षण किया। एसीईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि गतिविधि के दौरान ग्राम स्तर पर डेटा संकलन, डिजिटल मैपिंग, जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि ब्यावर जिला निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही प्रोएक्टिव मोड में कार्य करते हुए अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। प्रशासनिक टीम पूर्ण उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है।

इस अवसर पर उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कार्मिकों की उपस्थिति में अभियान के विभिन्न घटकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। हैंड्स-ऑन सत्र में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अधिकारियों ने बताया कि मॉडल ग्राम पंचायतों में प्राप्त अनुभवों के आधार पर अन्य पंचायतों में भी अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। साथ ही ग्रामवासियों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समन्वय, पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्यवाही पर विशेष बल देते हुए सभी कार्मिकों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन द्वारा इस पहल के माध्यम से गांवों के समग्र, सुनियोजित एवं समावेशी विकास की दिशा में ठोस एवं नवाचारपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार

# हमने कोई योजना बंद नहीं की, कांग्रेस फैला रही भ्रम

## डबल इंजन की सरकार मे डबल स्पीड से हो रहा विकास, कांग्रेस को नहीं आ रहा रास : डॉ प्रेमचंद बैरवा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान सरकार ने किसी भी योजना को बंद नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं भामाशाह योजना, अन्नपूर्णा योजना और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना को न केवल बंद किया, बल्कि उन्हें बिगाड़ने का काम कर जनता के हितों से खिलवाड़ किया।

डॉ. बैरवा ने कहा कि कांग्रेस केवल चुनावी वादों और बयानबाजी तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार जमीनी स्तर पर तेज़ गति से विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए ठोस काम कर रही है और योजनाओं को पारदर्शी बनाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा, इसलिए वह बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

### लायंस क्लब द्वारा स्वास्थ्य जांच




**चमकता राजस्थान/परबतसर(छोटू नाथ पंवार)।** लॉयन राजेंद्र कुमार सोनी के सौजन्य से मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया।

लायंस क्लब परबतसर के तत्वाधान में ₹आओ खुशियां बांटे₹ के तहत निकटवर्ती ग्राम पीपलाद में निःशुल्क मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन प्रातः 8.30बजे से 11:00 तक किया गया जिसमे 56 पुरुषों व महिलाओ का वजन,ऑक्सीजन लेवल,रक्तचाप व ब्लड शुगर जांच की गई जिनमें से 03व्यक्तियों का बल्ड शुगर उच्च तथा 8 व्यक्तियों का रक्तचाप असामान्य पाया गया स्क्रीनिंग किये लोगो को क्लब अध्यक्ष अज़ीज़ खान परिहार ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए और नियमित शारीरिक जांच करवानी चाहिए तथा अभी होने वाली मौसमी बीमारियों व अन्य बीमारियों से बचाव के तरीकों को अपनाना चाहिए। लायंस क्लब परबतसर के द्वारा ₹आओ खुशियां बांटे₹ के तहत नियमित रूप से सेवा कार्य किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत नेत्र जांच स्वास्थ्य, जांच शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अज़ीज़ खान परिहार ,मनवर खान, हरीश प्रजापति,महेश बंजारा,समाजसेवी रमजान खान पिडियार ग्राम के रणजीत खां मनीष पारीक,भंवर लाल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस की सोशल मीडिया पर सख्त नजर, पुलिस द्वारा वायरल स्टंट वीडियो पर लगातार कार्रवाई

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** सोशल मीडिया पर खतरनाक बाइक और कार स्टंट के वीडियो वायरल होने पर सहारनपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस की टीम लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निगरानी कर रही है और वायरल होते ऐसे वीडियोज का संज्ञान लेकर तुरंत कानूनी कार्रवाई शुरू कर रही है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में थाना चिलकाना, थाना गागलहेड़ी और थाना मंडी पुलिस ने कई युवकों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जो सड़कों पर खतरनाक स्टंट करके वीडियो बनाते और उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते पाए गए। पुलिस ने इन युवाओं को थाने बुलाकर न सिर्फ नियमों का पाठ पढ़ाया, बल्कि उनके खिलाफ सड़क सुरक्षा कानून के तहत उचित कार्रवाई भी की है। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को सख्त चेतावनी दी है कि सड़क पर वाहन को अनियंत्रित तरीके से चलाना, व्हीलिंग करना, हाई स्पीड में स्टंट दिखाना न केवल खुद की जान को खतरे में डालता है, बल्कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन जाता है। ऐसे स्टंट अक्सर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, जिनमें कई बार युवा खुद अपनी जान गंवा बैठते हैं या दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। जांच में सामने आया है कि ज्यादातर युवा ये खतरनाक वीडियो खुद अपने Instagram, Facebook, YouTube Shorts और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करते हैं। कुछ लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स बढ़ाने या अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल दिखाने के चक्कर में वे अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगा रहे हैं। सोशल मीडिया की इस सनक ने आजकल के युवाओं को पूरी तरह से अंधा बना दिया है।

## बाबा साहब जयंती पर विद्यार्थियों के लिए ''बाबा साहब को जानो'' प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 14 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 11 अप्रैल 2026 को ''बाबा साहब को जानो'' प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग (कक्षा 3-8) एवं सीनियर वर्ग (कक्षा 9-12) के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा ज्योतिराव फूले के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया, जिससे आयोजन को विशेष महत्व प्राप्त हुआ।प्रतियोगिता के प्रति बाड़ी शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कुल 147 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिराव फूले एवं बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पण तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संकल्प के साथ किया गया। प्रतियोगिता प्रातः 9:00 से 10:00 बजे तक शिक्षाविद् राजवीर कौशल, अमर सिंह पूनिया, बदन सिंह बौद्ध, मौहर सिंह बौद्ध एवं प्रोफेसर कबीर शरण के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें भारतीय संविधान एवं बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर आधारित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया गया। समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद रावत ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। सचिव बदन सिंह बौद्ध ने जानकारी दी कि विजेताओं को 14 अप्रैल को आयोजित मुख्य समारोह में 2000, 1500 एवं 1000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि अन्य प्रतिभागियों को 100 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अभिभावकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई तथा समिति ने भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के मौके पर नेमीचंद डॉ. भीमराव अंबेडकर शोभा यात्रा समिति अध्यक्ष, राजवीर सिंह पार्षद, जसवंत सिंह प्रधानाचार्य, अमृतलाल अध्यापक, रामपति मीणा, महादेव मीणा, नेत्रपाल, बादशाह बाबू, उत्तम सिंह, योगेश पालीवाल, आदि लोग मौजूद रहे।

### स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन समारोह आदर्श विद्या मंदिर थाना मोड़ पर नवीन तकनीक का समावेश

# तकनीकी और रोजगारोन्मुख शिक्षा आज के समय की मांग गोविंद कुमार

चमकता राजस्थान



**संदीप कुमावत/चौमू।** विद्या भारती राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि तकनीकी और रोजगारोन्मुख शिक्षा समय की मुख्य मांग है। वे आदर्श विद्या मंदिर थाना मोड़ पर आयोजित स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।मुख्य अतिथि गोविंद कुमार ने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ ऐसे कौशल (Skills) सिखाए जाने चाहिए जो उन्हें भविष्य में रोजगार के योग्य बनाएं। उन्होंने अंग्रेजी भाषा की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे वैश्विक स्तर पर जुड़ने के लिए आवश्यक बताया। साथ ही, उन्होंने पूर्व छात्रों का आ''ान किया कि वे आगे आएं और विद्यालय के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें।समारोह के विशिष्ट अतिथि और भामाशाह रामजीलाल पटवारी ने विद्यालय को दो स्मार्ट बोर्ड भेंट किए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की आदर्श विद्या मंदिर से निकला हुआ छात्र न केवल शिक्षित बल्कि उच्च संस्कारों से युक्त होता है। मैं स्वयं इस विद्यालय का छात्र रहा हूँ और यहाँ की शिक्षा पद्धति ने मेरे जीवन को सही दिशा दी है।विद्या भारती के प्रांत मंत्री बृजमोहन सैनी ने संगठन के कार्यकलापों और लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी।

विशेषताएं: प्रांत उपाध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता ने आदर्श विद्या मंदिर की शिक्षण विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

अध्यक्षताः कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र अग्रवाल द्वारा की गई। संरक्षक सांवरमल अग्रवाल और सदस्य रघुवर दयाल पारीक ने अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।व्यवस्थापक महेश सैनी ने मंच संचालन किया, जबकि अतिथियों का परिचय एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिजावत ने करवाया।इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण सहसंयोजक राम मनोहर शर्मा, प्रधानाचार्य सरिता चौधरी, निशा शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाध, जयेश रावत, योगेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, विनोद कुमावत, अर्जुन राज कुमावत, डॉ. प्रदीप बारी, पुष्पेंद्र अग्रवाल और राजेश खटोड़ सहित प्रबंध समिति के अनेक सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929